28 Feb -26 page 1 27-02-2026 10:53 PM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 28 फरवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 68 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजस्थान-गुजरात दौरा

## करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात देंगे, सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन भी होगा



### राजस्थान में 16,680 करोड़ की परियोजनाओं का तोहफा

प्रधानमंत्री सुबह करीब 11:30 बजे राजस्थान के अजमेर पहुंचेंगे। यहां वे 16,680 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। ये प्रोजेक्ट्स मुख्य रूप से शहरी विकास, स्वच्छ पेयजल, सड़क नेटवर्क, सिंचाई, ऊर्जा और औद्योगिक बुनियादी ढांचे से संबंधित हैं। इस अवसर पर वे एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राजस्थान और गुजरात के महत्वपूर्ण दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे देश की महिलाओं के स्वास्थ्य, युवाओं के रोजगार और भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे।

महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में प्रधानमंत्री अजमेर से एक ऐतिहासिक कदम उठाएंगे। वे 14 साल की लड़कियों के लिए 'ह्यूमन पेपिलोमावायरस' (एचपीवी) वैक्सीनेशन का राष्ट्रव्यापी अभियान लॉन्च करेंगे। इस पहल का मकसद सर्वाइकल कैंसर को रोकना है, जो महिलाओं में कैंसर से जुड़ी बीमारियों के मुख्य कारणों में से एक है और यह देश भर में लड़कियों और महिलाओं की लंबे समय तक सेहत की सुरक्षा में एक अहम मील का पत्थर है।

#### सड़क और बुनियादी ढांचे का विस्तार

कनेक्टिविटी को रफ्तार देने के लिए प्रधानमंत्री कई नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे। इनमें जयपुर से बांदीकुई के बीच 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, अमृतसर-जामनगर इकोनॉमिक कॉरिडोर का एक हिस्सा और दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेसवे का 8-लेन सेक्शन शामिल है। इसके अलावा जोधपुर में 4-लेन एलिवेटेड रोड और बारां जिले में नए स्टेट हाईवे का शिलान्यास भी होगा।

हर घर तक साफ पानी पहुंचाने के संकल्प के तहत प्रधानमंत्री नोनेरा और परवन अकवाड़ पेयजल परियोजनाओं के कई पैकेजों की नींव रखेंगे। साथ ही, राजस्थान को रिन्यूएबल एनर्जी का हब बनाने के लिए वे नए ट्रांसमिशन सिस्टम का उद्घाटन करेंगे।

## हर जोन में होली पर तैनात रहेगी क्विक रिएक्शन टीम
## हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई : सीपी

### लाइन में रख रिर्जव में रहेगा फोर्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होली के त्योहार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने व्यापक सुरक्षा ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड ने स्पष्ट किया है कि किसी भी जोन में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। प्रत्येक जोन में क्विक रिएक्शन टीम क्यूआरटी तैनात की जाएगी, जिसमें आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी लगातार मूवमेंट में रहेंगे। इसके अलावा रिजर्व लाइन में अतिरिक्त पुलिस बल भी अलर्ट मोड पर रहेगा।

प्रत्येक सर्किल में एसीपी स्तर के अधिकारी के साथ अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई है, जो संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखेगी। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि त्योहार के दौरान किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



### हाईवे और प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक की रहेगी निगरानी

**करंट क्राइम :** होली के दिन और उससे पूर्व रात्रि में ट्रैफिक पुलिस की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, एलिवेटेड रोड और शहर के प्रमुख चौराहों व जाम प्वाइंट्स पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। दोपहिया वाहनों पर स्टंटबाजी, रैश ड्राइविंग या हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियम तोड़ने वालों पर चालान के साथ-साथ गिरफ्तारी भी की जा सकती है। वहीं सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। अफवाह फैलाने या सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हुड़दंग और माहौल खराब करने वालों को भेजा जाएगा जेल



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने चेतावनी दी है कि होली के अवसर पर यदि कोई जाति या धर्म विशेष पर टिप्पणी कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों को चिन्हित कर सीधे जेल भेजा जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में 250 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होना है। इन सभी स्थानों पर स्थानीय पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि समय से पहले आग लगाने या किसी प्रकार की शरारत को रोका जा सके।

### पीस कमेटी की बैठकों से भाईचारे पर जोर

**करंट क्राइम :** त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रत्येक जोन और सर्किल में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों, व्यापार मंडलों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और सामाजिक संगठनों को शामिल कर आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आमजन के सहयोग से ही होली का त्योहार शांतिपूर्वक और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

## शेर के जरिए सियासी वार: हाउस टैक्स पर बालेश्वर त्यागी का कटाक्ष
## कोर्ट के फैसले के बाद कविता में निकली पीड़ा, बढ़े टैक्स पर तेज हुई राजनीति



**क्या यह इशारा बढ़े हुए टैक्स की गंभीरता की ओर है? या फिर राजनीतिक चुप्पी पर सवाल? शहर में पहले ही 100, 200 और 300 प्रतिशत तक टैक्स वृद्धि को लेकर असंतोष व्याप्त है।**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स और हालिया न्यायालय के फैसले के बाद शहर की राजनीति फिर गरमा गई है। भाजपा सरकार में पूर्व मंत्री रहे बालेश्वर त्यागी ने सीधे बयान देने के बजाय एक शेर के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिसे सियासी गलियारों में तीखे कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए शेर में त्यागी ने लिखा–

इतना संगीन पाप कौन करे,  
मेरे दुख पर विलाप कौन करे।  
चेतना मर चुकी है लोगों की,  
पाप पर पश्चाताप कौन करे।

नगर निगम के बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर पहले ही जनहित याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर की गई थी, जिसे न्यायालय ने यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि कर निर्धारण नगर निगम का अधिकार क्षेत्र है। इसके बाद से विपक्ष और असंतुष्ट नेताओं की प्रतिक्रियाएं लगातार सामने आ रही हैं। त्यागी का यह काव्यात्मक कटाक्ष कई सवाल खड़े कर रहा है। क्या यह इशारा बढ़े हुए टैक्स की गंभीरता की ओर है? या फिर राजनीतिक चुप्पी पर सवाल? शेर की पंक्तियों में चेतना मर चुकी है और पश्चाताप कौन करे जैसे शब्द सत्ता और व्यवस्था दोनों पर टिप्पणी के रूप में देखे जा रहे हैं। शहर में पहले ही 100, 200 और 300 प्रतिशत तक टैक्स वृद्धि को लेकर असंतोष व्याप्त है। न्यायालय के निर्णय के बाद कानूनी विकल्प सीमित नजर आ रहे हैं, लेकिन राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। ऐसे में त्यागी का यह शेर सियासी बहस को नया मोड़ देता दिखाई दे रहा है। अब देखना यह है कि यह काव्यात्मक प्रहार केवल सोशल मीडिया तक सीमित रहता है या फिर नगर राजनीति में किसी बड़े कदम का संकेत साबित होता है।




● **अब देखना यह है कि यह काव्यात्मक प्रहार केवल सोशल मीडिया तक सीमित रहता है या फिर नगर राजनीति में किसी बड़े कदम का संकेत साबित होता है।**

## मेयर ने की घोषणा: अब 31 मार्च तक गृहकर में मिलेगी 20% की छूट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहरवासियों को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से महापौर सुनीता दयाल ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए संपत्तिकर (गृहकर) में 20 प्रतिशत की छूट की अवधि 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दी है। यह फैसला जनहित को प्राथमिकता देते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक करदाता निर्धारित समयसीमा के भीतर अपना कर जमा कर सकें और नगर निगम की राजस्व व्यवस्था भी सुदृढ़ हो।



नगर निगम के अनुसार, सभी संपत्तिकरदाताओं के लिए अपने-अपने भवनों पर निर्धारित संपत्तिकर जमा कराना अनिवार्य है। मा. सदन द्वारा पूर्व में स्वीकृत छूट के प्रावधान को आगे बढ़ाते हुए अब 31 मार्च 2026 तक कर जमा करने पर 20% की विशेष छूट का लाभ मिलेगा। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब आम नागरिक महंगाई और आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं। छूट की अवधि बढ़ने से करदाताओं को समय और आर्थिक दोनों स्तर पर राहत मिलेगी।

### नगर विकास को मिलेगा बल

**करंट क्राइम :** नगर निगम प्रशासन का मानना है कि समय पर कर संग्रह होने से शहर में चल रहे विकास कार्यों—सड़क निर्माण, सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइट, पार्कों के सौंदर्यीकरण और अन्य आधारभूत सुविधाओं—को गति मिलेगी। महापौर ने कहा कि नागरिकों के सहयोग से ही शहर का समग्र विकास संभव है और कर समय से जमा करना प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व भी है। उधर महापौर सुनीता दयाल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 से पहले अपना संपत्तिकर जमा कर 20% छूट का लाभ उठाएं और किसी भी प्रकार की विलंब शुल्क या दंडात्मक कार्रवाई से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों पर बोझ डालना नहीं, बल्कि पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन के माध्यम से विकास कार्यों को गति देना है।






# दिल्ली शराब नीति मामले में बड़ी राहत

# अरविंद केजरीवाल - मनीष सिसोदिया को कोर्ट से क्लीन चिट

## 600 पेज के आदेश में आरोप खारिज, फैसले के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज, सीबीआई ने दी चुनौती की तैयारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने दोनों को बरी कर दिया है। इस फैसले पर अरविंद केजरीवाल अपने आवास से पार्टी दफ्तर तक रोड शो किया। रोड शो के दौरान उन्होंने अपने हाथ में गदा लेकर समर्थकों का अभिवादन किया।

### 'मुझे जेल जाने से फर्क पड़ता है'

केजरीवाल ने कहा कि मैंने सिर्फ ईमानदारी का काम किया। मुझे जेल जाने से फर्फ पड़ता है। मैं वो राजनेता नहीं हूं जिसकी मोटी चमड़ी है। मेरे जेल जाने से मेरे परिवार पर फर्फ पड़ता है। केजरीवाल ने बीजेपी सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि आज दिल्ली की क्या हालत कर दी है। मैंने दिल्ली में पांच हजार स्कूल बनाए, आप पांच सौ स्कूल बना कर दिखा दो। आज दिल्ली की सड़के कितनी खराब हैं। हर जगह गड्ढे ही गड्ढे हैं। मैंने जितना काम दिल्ली के लिए किया आप उतना कर दो आपको चुनाव जीतने के लिए केजरीवाल को जेल में डालने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता कट्टर ईमानदार है। कोर्ट ने झूठ का किला ढहा दिया। देशभर के लोगों ने जिन्होंने इतने कठिन समय में हमारा साथ दिया मैं उनका धन्यवाद करता हूं। आप जानते हैं कि किस तरह पिछले चार साल से ईडी, सीबीआई और सारी संस्थाओं का इस्तेमाल करके हमारे ऊपर शराबा घोटाला नामक एक आरोप लगाया गया। सीबीआई, ईडी ने उसमें चार्जशीट दाखिल की। आज कोर्ट ने लगभग 600 पेज के आदेश में कहा है कि इतना भी सबूत नहीं है कि इसमें मुकदमा भी चलाया जा सके। कोर्ट का कहना है कि इतना गलत, फर्जी केस है कि इसमें मुकदमा भी नहीं चलाया जा सकता।

यह पूरा षड्यंत्र किसने और क्यों रचा? यह पूरा षड्यंत्र प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने रचा, उन दोनों को देश से माफी मांगनी चाहिए। ईडी और सीबीआई दिल्ली सरकार की नई शराब नीति में कथित घोटाले की अलग-अलग जांच कर रही हैं। ईडी नीति को बनाने और लागू करने में धन शोधन के आरोपों की जांच कर रही है। वहीं, सीबीआई की जांच नीति बनाते समय हुई कथित अनियमितताओं पर केंद्रित थी।

**फैसले के बाद केजरीवाल ने कही यह बात :** आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, ₹पिछले कुछ वर्षों से भाजपा जिस तरह से शराब घोटाले के बारे में कह रही थी और हमारे ऊपर आरोप लगा रही थी तो आज कोर्ट ने सभी आरोप खारिज कर दिए और सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। सत्य की जीत हुई। आप को खत्म करने के लिए सभी बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया था, यह पूरा फर्जी केस था, केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है। मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है। कोर्ट ने कहा है कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आप कट्टर ईमानदार है। अच्छा काम करके सत्ता में आइए और झूठे केस करके हमें जेल में डालना प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता।




### केजरीवाल ने पीएम मोदी और अमित शाह पर बोला हमला

केजरीवाल ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया और पीएम मोदी और अमित शाह पर हमला करते हुए कहा कि इन्होंने आम आदमी पार्टी के खिलाफ बड़ी साजिश रची। इन्हें जब लगा कि ये हमें दिल्ली में नहीं हरा सकते तो इन्होंने ये साजिश की। आज पीएम मोदी और अमित शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

### पीएम मोदी को दी दिल्ली में चुनाव कराने की चुनौती

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मैं मोदी जी को दिल्ली में फिर से चुनाव कराने की चुनौती देता हूं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर उन्हें 10 से ज्यादा सीटें मिलीं, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे रोकने का एक ही रास्ता है मेरा कत्ल करा करवा दें।

### कांग्रेस पर भी बरसे केजरीवाल

कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल को बरी किए जाने की टाइमिंग को गुजरात चुनाव से जोड़ते हुए कांग्रेस ने जहां सवाल उठाए तो अरविंद केजरीवाल ने जवाब देते हुए कहा, 'मैं आपसे पूछता हूं कि केजरीवाल जेल गया, क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गया? संजय सिंह जेल गया, क्या राहुल गांधी जेल गया? मनीष सिसोदिया जेल गया, क्या सोनिया गांधी जेल गईं? कांग्रेसी किस मुंह से बात करते हैं, उन्हें शर्म नहीं आती?'

### सीबीआई देगी फैसले को चुनौती

अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि प्रथम दृश्य कोई भी आपराधिक षड्यंत्र नहीं मिला है। कोर्ट सीबीआई मामले में सुनवाई कर रही थी। उधर, सीबीआई सूत्र के मुताबिक, सीबीआई इस फैसले को चुनौती देने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट जाएगी।

### साउथ लॉबी ने दी थी 100 करोड़ रुपये की रिश्वत

इससे पहले 12 फरवरी को हुई सुनवाई में अदालत ने आरोप तय करने के मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और सभी आरोपियों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखा था। सुनवाई में सीबीआई ने अदालत में दावा किया कि पहली चार्जशीट और पूरक आरोप पत्र में साजिश के पर्याप्त आधार मौजूद हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत कुल 23 आरोपियों की ओर से आरोपों को निराधार बताया था। सीबीआई का आरोप है कि साउथ लॉबी ने दिल्ली की आबकारी मामला अपने पक्ष में कराने के लिए 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी।

### 'रिश्वत लेने या मांगने का कोई प्रमाण नहीं'

अरविंद केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया था कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी आधिकारिक जिम्मेदारियां निभा रहे थे और उन्हें किसी भी तरह की रिश्वत मांगने या लेने से जोड़ने वाला कोई प्रमाण नहीं है। उन्होंने यह भी कहा था कि केजरीवाल का नाम पहली चार्जशीट और तीन पूरक चार्जशीट में नहीं था, बल्कि चौथी पूरक चार्जशीट में जोड़ा गया, जो पहले की चार्जशीट का दोहराव है। बहस के दौरान अप्रूवर बने राघव मगुंटा के बयान का भी जिक्र हुआ था। बचाव पक्ष ने कहा कि ऐसा कोई सीधा लिंक नहीं है जिससे साबित हो कि केजरीवाल ने किसी से पैसे लेने को कहा था।

# सीएम योगी ने दिए निर्देश

## सभी कर्मचारियों का वेतन होली से पहले देना सुनिश्चित करें, तीन मार्च को भी छुट्टी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व से पहले ही सभी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि त्योहार के मद्देनजर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग तय समयसीमा का कड़ाई से पालन करें। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही आउटसोर्सिंग, संविदाकर्मी, सफाईकर्मी समेत सभी श्रेणी के कर्मियों का भुगतान भी त्योहार से पहले सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि किसी भी कर्मचारी को पर्व के दौरान आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने शनिवार 28 फरवरी को कार्यदिवस घोषित कर दिया है। वहीं, कर्मचारियों को 03 मार्च का अवकाश दिया जाएगा। होली पर्व के अवसर पर 2, 3 और 4 मार्च को अवकाश रहेगा।



मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि भुगतान और अवकाश संबंधी आदेशों के पालन में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कर्मचारियों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी।

### 10 मार्च तक संपत्तियों का ब्योरा देने वाले राज्य कर्मियों को मिलेगा वेतन

चल-अचल संपत्ति का विवरण न देने वाले राज्यकर्मियों को 10 मार्च तक ब्योरा देने पर जनवरी का वेतन जारी किया जाएगा। लेकिन 31 जनवरी 2026 तक विवरण न देने वाले 47816 कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। मुख्य सचिव एसपी गोयल द्वारा जारी शासनादेश के मुताबिक, 24 नवंबर 2025 को जारी आदेश के तहत कर्मचारियों को 31 जनवरी 2026 तक चल-अचल संपत्ति का विवरण देना था।

6 जनवरी 2026 को स्पष्ट किया गया था कि जो कर्मचारी विवरण अपलोड नहीं करेंगे, उन्हें जनवरी का वेतन नहीं मिलेगा। 31 जनवरी तक 47,816 कर्मचारियों ने ब्योरा नहीं दिया। सरकार ने 26 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक एक बार फिर अवसर दिया है, लेकिन इसे प्रतिबंधों के साथ जोड़ा गया है। संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान चयन वर्ष में पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा। देय होने पर भी इस वर्ष एसीपी का लाभ नहीं मिलेगा। विदेश यात्रा, प्रतिनियुक्ति आदि के लिए विजिलेंस क्लीयरेंस नहीं दी जाएगी।

## नगर निगम जन शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करें : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि 311 हेल्पलाइन, कंट्रोल रूम और सीयूजी नंबर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का उसी दिन गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



प्रतिदिन 311 पर 100 से150 और कंट्रोल रूम से 70-80 शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इन सभी का डाटाबेस तैयार कर नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए गए हैं।अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार व जंग बहादुर यादव को कॉल रिकॉर्ड की समेकित रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर आयुक्त ने पार्षदों और नागरिकों की कॉल प्राथमिकता से अटेंड करने के निर्देश भी दिए हैं।

## गुलाल की उड़ान में सजी लोनी की होली, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और विधायक नंदकिशोर गुर्जर रहे शामिल

### नाईपुरा डिग्री कॉलेज में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे, रंग और उत्साह के बीच दी गई शुभकामनाएं












**लोनी (करंट क्राइम)।** नाईपुरा स्थित डिग्री कॉलेज परिसर में शुक्रवार को आयोजित होली मिलन समारोह रंग, गुलाल और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की ओर से किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित जनसमूह को होली की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था के मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने उपमुख्यमंत्री का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह स्वरूप रामदरबार भेंट किया। स्वागत के दौरान पुष्पवर्षा भी की गई। इसके बाद दोनों नेताओं ने गुलाल उड़ाकर लोगों के साथ होली उत्सव में सहभागिता की। इससे पूर्व लोनी-सहारनपुर पेरिफेरल मार्ग पर पार्टी कार्यकताओं ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधि, सभासद, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और भाजपा संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक वातावरण और होली मिलन की पारंपरिक झलक देखने को मिली। आयोजन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## परिवार संग होली मना सकेगा नीतीश कटारा हत्याकांड का दोषी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी विकास यादव की याचिका मंजूर की। विकास यादव 2002 में व्यवसायी नीतीश कटारा की हत्या के लिए 25 साल की जेल की सजा काट रहा है। उसने जेल से होली पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी।
जस्टिस एमएम सुंदरेश और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि विकास यादव ने अब तक 23 साल की सजा पूरी कर ली है। इसलिए उसे सात मार्च तक रिहाई की अनुमति दी गई है। इस दौरान वह अपने परिवार के साथ होली मना सकेगा। बेंच ने कहा, होली के समय परिवार के साथ समय बिताने के लिए फरलो का आवेदन किया गया है। मामले के मापदंडों में प्रवेश किए बिना हम याचिकाकर्ता को सात मार्च तक फरलो (अस्थायी रिहाई) की अनुमति देते हैं। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने विकास यादव की रिहाई के खिलाफ याचिकाकताओं की आपत्तियों को खारिज किया। बेंच ने कहा, क्या आप उसे फांसी देना चाहते हैं? 23 साल बाद आप अभी भी मामला खड़ा करना चाहते हैं। हमें चीजों को आगे बढ़ने देना चाहिए।

## आग का कहर, 14 दुकानें और कॉटन फैक्टरी राख, दमकल ने कई घंटों की मशक्कत के बाद काबू पाया

**श्रीनगर ।** बांदीपोरा जिले के मुख्य बाजार में सुबह-सुबह भीषण आग लगने से लगभग 14 दुकानें जलकर राख हो गईं। वहीं श्रीनगर में एक कॉटन प्रोसेसिंग फैक्टरी में आग लग गई। इससे फैक्टरी को भारी नुकसान पहुंचा है। दोनों ही घटनाओं ने स्थानीय कारोबारियों और निवासियों में दहशत पैदा कर दी। बांदीपोरा में आग एक तीन मंजिला व्यावसायिक परिसर में भड़की और दुकानों में तेजी से फैल गई। दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने सामान बचाने की भरपूर कोशिश की लेकिन आग की तीव्रता के कारण काफी नुकसान हो गया। दमकल विभाग ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



मौके पर अतिरिक्त फायर टेंडर तैनात कर दिए गए। शुरूआती अनुमान के मुताबिक करोड़ों रुपये मूल्य के सामान का नुकसान होने का अंदेशा है। राहत की बात यह है कि इस हादसे में झुलझने से किसी की जान नहीं गई। दुकानदारों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है।

उधर श्रीनगर के एचएमटी इंडस्ट्रियल एरिया में भी आग लग गई जिसमें एक कॉटन प्रोसेसिंग फैक्टरी पूरी तरह इसकी चपेट में आ गई। स्टेट फायर कंट्रोल रूम को सूचना मिलते ही मजगुंड फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त टीमें भी बुलाई गईं। आग पर काबू पाने का ऑपरेशन एडीजीपी फायर एवं इमरजेंसी सर्विस आलोक कुमार की निगरानी में चला। इस हादसे में कॉटन फैक्टरी को भारी नुकसान पहुंचा है। नुकसान का आकलन जारी है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने दोनों ही स्थानों पर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोग इन घटनाओं से सदमे में हैं और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

## 'यह रोड मुसलमानों के लिए नहीं, हिंदू संगठन ने एलिवेटेड रोड पर लिखा, वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

**देहरादून।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ लोग एलिवेटेड रोड पर लिखते नजर आ रहे है, ये रोड मुसलमानों के लिए नहीं है। कार्यकर्ता देहरादून में हिंदू रक्षा दल के बताए जा रहे है।

सहारनपुर के बिहारी गढ़ थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं हिंदू रक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने कहा कि हमारी इच्छा है कि टैक्स हम देते हैं तो सड़क पर चलना हमारा अधिकार है। एक्सप्रेसवे पर मोहंड में बनाई गई एलिवेटेड रोड पर यह लिखा गया है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होने के बाद से लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

## मार्निंग वॉक पर निकली महिला पर चाकू से हमला, आरोपी श्याम सुंदर गिरफ्तार

**आगरा।** 22 फरवरी को दयालबाग में महिला को चाकू मारने वाला आरोपी श्याम सुंदर शर्मा गिरफ्तार हुआ। पत्नी से झगड़े के बाद महिलाओं से नफरत के कारण उसने महिला के टोकने पर चाकू मारा था। न्यू आगरा के दयालबाग क्षेत्र में बीती 22 फरवरी की सुबह महिला को चाकू मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्नी से झगड़े के बाद महिलाओं से नफरत करने लगा था। उसके पास वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में उसने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।



एसीपी हरीपर्वत अक्षय महाडिक ने बताया कि 22 फरवरी को पुष्पांजलि बाग निवासी 50 वर्षीय सोना देवी मार्निंग वॉक पर निकली थीं। रास्ते में अदन बाग के पास अज्ञात व्यक्ति ने उनको पीछे से चाकू मारकर भाग निकला। महिला को पुलिस ने एसएन मेडिकल कालेज भर्ती कराया था। मामले में महिला के बेटे राहुल अग्रवाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सीसीटीवी कैमरों में आरोपी पैदल जाता दिखाई दिया था। महिला आरोपी को नहीं जानती थी। पुलिस टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले थे। इसके बाद गुरुवार रात खासपुर चौराहे के पास से आरोपीसुभाष नगर भूड़ का बाग निवासी श्याम सुंदर शर्मा को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से अलाकत्ल चाकू बरामद हुआ है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पत्नी से विवाद के बाद करने लगा महिलाओं से नफरत :** पुलिस पूछताछ में आरोपी श्याम सुंदर ने बताया कि उसकी पत्नी से उसका झगड़ा होता रहता था। पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी। इस कारण उसे महिलाओं से नफरत हो गई थी। वह पैदल जा रहा था। उसी दौरान आगे चल रही महिला ने उन्हें पीछा करने का आरोप लगाकर टोका। इस बात से खफा होकर आरोपी ने चाकू मार दिया।

**ढूंढने में पुलिस के छूटे पसीने :** एसीपी हरीपर्वत ने बताया कि आरोपी अपने घर पर नहीं था। उसके पास मोबाइल भी नहीं था। घटना के बाद वह कभी पार्क, कभी किसी सड़क तो कभी अस्पताल में जाकर सो जाता था। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह निकल जाता था।

**प्राइवेट पार्ट पर मारा था चाकू :** आरोपी महिलाओं से नफरत करने लगा था। इसी कारण वह साथ में चाकू रखकर घूम रहा था। महिला के टोकने पर उसने महिला के प्राइवेट पार्ट पर पीछे से चाकू मारा था और चाकू शरीर में फंसा छोड़ भाग गया था।

## पीटीआई भर्ती में फर्जी डिग्रियों से नौकरी लेने वालों पर एसओजी का एक्शन जारी, 2 सस्पेंड, 11 बर्खास्त

**जालौर।** पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में फजीर्वाड़े में जिले में अब तक 11 पीटीआई को बर्खास्त और 2 को निलंबित किया जा चुका है, जबकि 20 अन्य संदेह के घेरे में हैं। एसओजी की कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्रियों के जरिए नौकरी पाने वालों के खिलाफ एसओजी की कार्रवाई लगातार जारी है। जालौर जिले को मिले 81 पीटीआई में से अब तक 11 को बर्खास्त और 2 को सस्पेंड किया जा चुका है, जबकि 20 और पीटीआई एसओजी की रडार पर हैं। इन पर उत्तरप्रदेश की जेएस यूनिवर्सिटी शिकोहाबाद और चूरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से बैकडेट में फर्जी डिग्रियां लेने का आरोप है।

पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में बड़े स्तर पर फर्जी डिग्रियों के इस्तेमाल का मामला सामने आने के बाद स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) लगातार कार्रवाई कर रहा है। जांच में अब तक करीब 250 फर्जी डिग्रियों का खुलासा हो चुका है। इनमें मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद स्थित जेएस यूनिवर्सिटी और चूरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से बैकडेट में जारी की गई डिग्रियां शामिल हैं। इस भर्ती के माध्यम से जालौर जिले को कुल 81 पीटीआई मिले थे। इनमें से 3 ने जॉइन नहीं किया, 6 को नियुक्ति आदेश जारी नहीं हुए और 9 का चयन निरस्त कर दिया गया। 2 पीटीआई अन्य भर्ती में चयनित होकर वहां जॉइन कर चुके हैं। शेष में से 11 पीटीआई को डमी अभ्यर्थी बैठाने या फर्जी डिग्री के आधार पर चयन पाने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है, जबकि 2 को सस्पेंड किया गया है। एसओजी की जांच में 20 और पीटीआई संदेह के घेरे में हैं। आरोप है कि इनमें से 14 ने जेएस यूनिवर्सिटी, शिकोहाबाद (उत्तर प्रदेश) से और 6 ने ओपीजेएस यूनिवर्सिटी, चूरू से बैकडेट में बीपीएड डिग्री हासिल कर चयन पाया।




जांच में जिन अभ्यर्थियों के नाम सामने आए हैं, उनमें चितलवाना, सांचौर, बागरा, करावड़ी, दांतीवास, चैनपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों के अभ्यर्थी शामिल हैं।

इनमें से कुछ को नियुक्ति नहीं मिली थी, जबकि कई पहले से कार्यरत थे। 15 जनवरी को 8 पीटीआई को सेवा से बर्खास्त किया गया था, जिनमें एलची, परमेश्वरी विश्नोई, सुरेश कुमार, राजाराम बेनीवाल, विक्रम कुमार, गणपत लाल, चेतन पुरोहित और विमला विश्नोई शामिल हैं। इसके बाद 5 मई को अशोक, मनोहर लाल विश्नोई और भारमल राम को भी बर्खास्त किया गया। सुरेश विश्नोई पुत्र आसूराम को 9 जून को एसओजी ने गिरफ्तार कर उसी दिन सस्पेंड किया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नंबर 4 रखवा 60 वर्ग गज पुराना खसरा नंबर 531 व न्यू खसरा नंबर 1182 कस्बा दादरी कॉलोनी करतार एनक्लेव परगना व तहसील दादरी जिला गौतम बुद्ध नगर यू पी उक्त प्लाट का श्रीमती सीमा देवी पत्नी प्रवीण बैरागी बैनामे से मालिक व काबिज हैं उक्त प्लाट का प्रथम पेज जो कि श्रीमान मामचंद पुत्र श्री हेम सिंह ने हेम सिंह पुत्र श्री अमीचंद के नाम किया था जिसका वही नंबर 1 जींद नंबर 1465 पृष्ठ नंबर 181 से 184 पेज नंबर 6702 दिनांक 16 12 2003 सब रजिस्टार दादरी गौतम बुद्ध नगर के यहां दर्ज होकर हुआ था इस रजिस्ट्री का प्रथम पेज कहीं खो गया इस संबंध में एक सूचना पहले से ही पुलिस विभाग में दायर की गई है तथा उक्त संपत्ति कैन किन होम्स लि, द्वारा होम लोन दिया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति निकाय कॉर्पोरेट सरकारी गैर सरकारी प्राधिकरण निजी बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों की भीतर अध्योहस्ताक्षरी या कैनकिन होम्स लि. आरडीसी राज नगर गाजियाबाद को लिखित में आपत्ति दे सकता है इसके बाद इस पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

अश्वनी कुमार एडवोकेट चैंबर नंबर 122 तहसील कंपाउंड गाजियाबाद मोबाइल नंबर 9818061212, 9971333512

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 28 फरवरी -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# कोर्ट का है सम्मान मगर हाउस टैक्स पर मच गया है घमासान




## एक ऐसा मुद्दा जिस पर पक्ष के बाद विपक्ष भी हुआ आक्रामक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कर वृद्धि को लेकर कोर्ट का फैसला आ गया है। फैसले की व्याख्या दोनों ही पक्ष अलग अलग तरीके से कर रहे हैं, याचि का कहना है कि यहां प्रोसीजर और एप्रूवल में अंतर समझना होगा। वो हाईकोर्ट जाने की बात कर रहे हैं। उनका पूरा सियासी शिजरा भाजपाई है और वो इस मामले को लेकर अदालत में गये थे। वहीं दूसरी तरफ एक पक्ष ऐसा भी आ गया जिसने हाथ जोड़कर जनता से माफी मांगी । कहा कि हम शर्मिन्दा हैं। ये बात किसी ओर ने नहीं बल्कि नगर निगम के पूर्व मेयर और वरिष्ठ भाजपा नेता अशु वर्मा ने कही। सोशल मीडिया पर आक्रमक बयानों कातूफानों आ गया। शुक्रवार को विपक्ष भी मैदान में आ गया। एक ऐसा मुददा जिस पर पक्ष भी वहीं बात कह रहा है जो विपक्ष कह रहा है। समाजवादी पार्टी के नेता आगे आये और उन्होंने अपनी बात रखी। कांग्रेस के नेताओं ने अपनी बात रखी। और भाजपा के नेता भी पीछे नहीं रहे तो भाजपा का सहयोगी दल रालोद भी यहां मैदान में आ गया। सभी एक स्वर से कोर्ट के फैसले का सम्मान करने की बात तो कर रहे हैं लेकिन घमासान यहां इस बात को लेकर है कि पैरवी में कहां कमी रही और अगर बोर्ड का फैसला ही असंगत है तो फिर बोर्ड के होने का औचित्य क्या है। 34 पेज का फैसला है और शब्दों की व्याख्या है। बहरहाल हाउस टैक्स प्रकरण पर फैसला आने के बाद अब सियासत यहां आक्रमक है और निगम छूट देने की बात कर रहा है।

### अगर नहीं कर सकते जनता का बचाव तो इस्तीफा दें जनप्रतिनिधि : अभिषेक गर्ग



करंट क्राइम। अभिषेक गर्ग समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हैं और एक ऐसे लीडर के रूप में कंसीडर होते हैं जिन्हे सड़क के आन्दोलन से लेकर विदेश की शिक्षा का पताहै। अर्थव्यवस्था से लेकर राजस्व के विषयों की जानकारी रखते हैं। जब हाउस टैक्स वृद्धि हुई थी उन्होंने तब भी विरोध किया था और जब कोर्ट का फैसला आ गया तो उन्होंने यहां सत्ताधारी दल भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि जनता के हितों की रक्षा करना जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों का काम है। जनप्रतिनिधि जनता का ही प्रतिनिधि होता है। अगर कोई वार्ड का चुनाव जीतकर सदन में पहुंचा है तो वो भी जनप्रतिनिधि है और कोई लोकसभा का चुनाव जीतकर आया है तो वो भी जनप्रतिनिधि है। सभी का कर्तव्य है जनता को करों की मार से बचायें। जनता की आवाज को सदन के माध्यम से सरकार तक पहुंचायें। उन्होंने कहा कि अगर महाजनादेश प्राप्त करने के बाद भी जनता पर जुल्म हो रहा है और जनप्रतिनिधि इसे रोक पाने में विफल हैतो उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफ दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व मेयर अशु वर्मा का साधुवाद करता हूं जिन्होंने नैतिकता की आवाज पर जनता से माफी मांगी। जो जनप्रतिनिधि जनता के हितों की रक्षा ना कर सके उसे अपने पद से इस्तीफ दे देना चाहिए।

### रालोद नेताओं ने कर वृद्धि के विरोध में दिया ज्ञापन



करंट क्राइम। एक ऐसा मुददा जहां पक्ष और विपक्ष एक साथ आये तो सरकार का सहयोगी दल भी यहां सामने आ गया। रालोद के प्रतिनिधि मंडल ने नगरायुक्त से मुलाकात की और हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा। रालोद नेताओं ने कहा कि कर वृद्धि से जनता पर आर्थि बोझ पड़ा है। रालोद नेताओ ने कहा कि तत्यात्मक और कानूनी पक्ष रखे जाने के कारण भी न्यायालय द्वारा याचिका निरस्त कर दी गयी।

### पूर्व मेयर माफी मांग रहे हैं और मौजूदा मेयर कर रही हैं छूट का एलान, ये जनता के साथ दोहरा मजाक : विशाल वर्मा



करंट क्राइम। समजावादी पार्टी के नेता और शहर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके विशाल वर्मा इस मुददे पर खुलकर सामने आये। उन्होंने कहा कि पक्ष भी भाजपा बन रही है और विपक्ष भी भजपा बन रही है। पूर्व मेयर माफी मांग रहे हैं और मौजूदा मेयर जनता से कह रही है कि डिस्काउन्ट मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये जनता के साथ दोहरा मजाक चल रहा है। कर भी ये बढ़ायेंगे और कोर्ट भी ये जायेंगे और माफी भी ये मांगेंगे और छूट भी ये देंगे। भाजपा के नेता , उसके जनप्रतिनिधि जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई खुलकर बोलता है तो उस पर जांच बैठ जाती है। चुनाव आने वाला है और ये फिर ये कोई नया तरीका लायेंगे और पब्लिक को बेवकूफ बनायेंगे।

### गाजियाबाद का शायद हुआ अनूठा विकास तभी तो इतना टैक्स दिया लाद : सुशांत गोयल



करंट क्राइम। स्वर्गीय पूर्व संसाद सुरेन्द्र प्रकाश गोयल के सुपुत्र तथा शहर विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुक सुशांत गोयल भी इस मुददे पर सामने आये। उन्होंने अपने पिता के चेयरमैन कार्यकाल का उल्लेख किया और फिर भाजपा के कार्यकाल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 1995 से लेकर आजतक मेयर भाजपा का रहा है। 1989 से 1994 तक गाजियाबाद नगरपालिका रहीं। दोनों कार्यकाल का विकास का खाका निकाल जाये। पता तो चले कि किस मेयर ने क्या वादा किया और कितना काम किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 16नगर निगम हैं और हाउस टैक्स का कोई शासनादेश था तो वो 16 महानगरों में लागू होता। लगता है कि गाजियाबाद को सिंगापुर, लंदन और गुडगांवा बनाते बनाते अमेरिका बना दिया गया है तभी तो यहां की जनता पर 300 प्रतिशत कर लादा गया है। अगर शासनादेश है तो सबके लिए एक होना चाहिए। टॉप टू बॉटम तक भाजपा है और उसके बावजूद जनता करों की मार से त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। निरंकुश शासन नहीं होना चाहिए और ये जनता को सोचना है कि अंकुश कब लगाना है। मजबूत सरकारें जनता को मजबूती देती है लेकिन यहां तो जनता को मजबूर कर दिया है। हम सड़कों पर उतरेंगे और जनआंदोलन चलायेंगे।

### हाउस टैक्स में वृद्धि सीधे सीधे जनविरोधी फैसला : फैसल हुसैन



करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने भी कर वृद्धि को सीधे सीधे जनविरोधी फैसला बताया। उन्होंने कहा कि हम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं लेकिन ये फैसला नगर निगम को लेना है उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से कर वृद्धि वापस नहीं ली गी तो जनआंदोलन करेंगे। आम जनता पहले ही महंगाई और बेरोजगारी से झूझ रही है। ऐसे में बेतहाशा कर वृद्धि ने कमर तोड़ दी है। नगर निगम स्पष्ट करे कि 300 प्रतिशत कर वृद्धि की जरूरत क्यों पड़ी।



### सात दिन में नहीं हुआ हाउस टैक्स वापस तो समाजवादी घेरेंगे नगर निगम : वीरेन्द्र यादव



करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट भी कोर्ट के फैसले के बाद सामने आये। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने हाउस टैक्स में बेतहाशा वृद्धि कर महानगर के 6 लाख व्यापारी, नागरिकों और कमजोर वर्गों के लोगों को प्रभावित किया है। लगातार प्रयास करने तथा नगर निगम के अधिकारियों और मेयर से अप्रत्याशित बढ़े हुए कर को वापस लेने की मांग करने के बाद भी नगर निगम द्वारा बढ़ा हुआ कर वापस नहीं लिया जा रहा है। वीरेन्द्र यादव ने कहा कि गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के दो मंत्री ,पांच विधायक और 75 पार्षद गाजियाबाद के हैं। उनकी उदासीनता के कारण नगर निगम भी उदासीन बना हुआ है। सपा के महानगर अध्यक्ष ने कहा कि यदि नगर निगम सात दिन में बढ़ा हुआ हाउस टैक्स वापस नहीं लेता तो समाजवादी नगर निगम गाजियाबाद का घेराव करेंगे और चक्का जाम करेंगे। ग्रह कर वृद्धि पर जनता को राहत प्रदान करने के लिए आगे आना ही होगा।

### भाजपा की नाकामी पर जनता को एकजुट होना होगा: बसपा

गाजियाबाद। हाउस टैक्स को लेकर जनता जनता पर पड रहे बोझ को बहुजन समाज पार्टी ने भाजपा और खासकर मेयर सुनीता दयाल की नाकामी करार दिया है। बसपा के जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि पिछले करीब 2 साल से मेयर और भाजपा पार्षद यह झूठ फैला रहे थे कि हाउस टैक्स के मुद्दे पर सरकार से बातचीत चल रही है और हाउस टैक्स को बढ़ाने नहीं दिया जाएगा। मेयर बार-बार कहती रही की हाउस टैक्स बढ़ाने के फैसले को अमल में नहीं लाया जाएगा। अब जब हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है तो ऐसे में मेयर अब क्या कहेंगी। उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। बसपा जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि हाई कोर्ट में याचिकाओं का खारिज होना भाजपा की विफलता है। दरअसल भाजपा जानती है कि हाउस टैक्स को कम नहीं किया जा सकता है क्योंकि नगर निगम से लेकर प्रदेश सरकार तक हाउस टैक्स बढ़ाने के बढ़ने लोगों से ज्यादा वसूली करना चाह रही है। भाजपा सिर्फ दिखावे के लिए हाउस टैक्स के मुद्दे पर धरना और विरोध कर रही थी। बसपा के वरिष्ठ नेता पंकज शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद की अदालत ने गृहकर से संबंधित एक महत्वपूर्ण याचिका को खारिज कर दिया, जो नगर निगम के हित में आया। यह निर्णय अफसरशाही की खुली जीत है, जहां जनता के हितों की अनदेखी करते हुए नौकरशाही ने अपना रंग दिखाया। भाजपा शासित नगर निगम पर सवाल उठना लाजमी है । क्या यह संयोग है कि अफसरों का पक्ष लेते हुए जनता पर गृह कर का बोझ बढ़ाया जा रहा है ? भाजपा की सरकार बोर्ड होने के बावजूद उनकी नीति अब आम नागरिकों पर भारी पड़ रही है। जहां एक ओर विकास का ढिंढोरा पीटा जाता है, वहीं दूसरी ओर अफसरशाही के आगे जनहित की बलि चढ़ा दी जाती है। यह निर्णय भाजपा सरकार की नाकामी का प्रमाण है हम जनता से अपील करते हैं कि इस अन्याय के खिलाफ एकजुट हो। इस दिन को अगले चुनाव तक याद रखे और जवाब देने का काम करें।

### भाजपा का झूठ बेनकाब हो गया है: बिजेंद्र यादव



भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा का चरित्र ही ऐसा है कि वह जनता को दिखाई कुछ देती है और करती कुछ है। नगर निगम में भाजपा का तब से शासन है जब से नगर निगम बना है। झूठ की बुनियाद पर भाजपा ने नगर निगम में जीत हासिल की है। भाजपा यह नहीं बता रही है कि नगर निगम में उसकी चलती है या अधिकारियों की। लोगों को झूठा आश्वासन देकर ज्यादा दिन तक सत्ता में बने रहना संभव नहीं है। जनता सब समझ चुकी है। भाजपा का झूठ अब सामने आ चुका है। हाई कोर्ट में दलील नहीं पेश कर पाई, जिस कारण हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। बिजेंद्र यादव ने कहा कि बढे हुए हाउस टैक्स को लेकर जल्द ही बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### हाउस टैक्स को लेकर कांग्रेस जन आंदोलन करेगी : जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने कहा कि गाजियाबाद में हाउस टैक्स को लेकर कांग्रेस बड़े पैमाने पर जन आंदोलन करेगी। इसके लिए सभी नेताओं की बैठक बुलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक नाटक बाज पार्टी है। एक और जहां भाजपा की कब्जे वाले गाजियाबाद नगर निगम ने हाउस टैक्स को तीन गुना बढ़ा दिया है वहीं लोगों को दिखावे के लिए हाई कोर्ट में याचिकाएं डाली गई है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा के चेहरे से नकाब उतर गया है। नगर निगम में चुनी हुई मेयर का प्रभाव नहीं है। अधिकारी ही सारे फैसले करते हैं उन्होंने कहा कि गाजियाबाद एक इकलौता नगर निगम है जहां तीन गुना टैक्स वसूला जा रहा है। प्रदेश के 17 नगर निगम में कहीं भी इतना अधिक टैक्स नहीं है। उन्होंने कहा कि 20% छूट के लिए 31 मार्च की समय सीमा दी गई है। 31 मार्च के बाद पूरा हाउस टैक्स लिया जाएगा। यह भाजपा के लिए एक असफलता है। उन्होंने कहा कि क्या बीजेपी हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

### 5 मार्च को आगे की रणनीति ता की जाएगी : वीर सिंह जाटव



कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा कि 5 मार्च को इस संदर्भ में आरडब्ल्यूए और अन्य सामाजिक संगठनों की बैठक बुलाई गई है। होली के बाद पूरे शहर में हाउस टैक्स को लेकर आंदोलन किया जाएगा। मेयर कह रही है कि पुरानी दर पर ही हाउस टैक्स लिया जाएगा जबकि हाई कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। मेयर किसको बरगला रही है? क्या मेयर को नहीं पता कि उनकी नगर निगम में चलती नहीं है। भाजपा इतने दिनों तक चुप क्यों बैठी रही? वीर सिंह जाटव ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल के दौरान जनता पर कभी इतना बोझ नहीं दिया गया था। भाजपा के शासनकाल में जनता चारों ओर से पीस रही है। पार्टी संगठन में भी इस मुद्दे पर चर्चा की जा रही है। जल्द ही सभी वार्डों में जाकर कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की असलियत से लोगों को वाकिफ करेंगे।

### यह है ट्रिपल इंजन का हाल जनता टैक्स के बोझ में पिस रही है: पूर्व मंत्री सतीश शर्मा



पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश शर्मा का कहना है कि एक और बीजेपी बिहार और असम में लोगों को 10- 10 हजार रुपए बांट रही है, वहीं गाजियाबाद में लोगों से तीन गुना टैक्स वसूल रही है। नगर निगम में भाजपा की सत्ता है, प्रदेश और देश में भी भाजपा की सरकार है। गाजियाबाद में तो ट्रिपल इंजन की सरकार है और ट्रिपल इंजन की सरकार में लोगों को तीन गुण। हाउस टैक्स देना पड़ रहा है। भाजपा की डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार का यही हाल है। जनता बेहाल है लेकिन भाजपा को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। सतीश शर्मा ने कहा कि भाजपा ने गाजियाबाद में वसूली करने के लिए टैक्स में बढ़ोतरी की है। भाजपा को ना तो राष्ट्रवाद से कोई मतलब है और ना ही आम जनता को हो रही परेशानी से कोई सरोकार है। जब से प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार आई है जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की मेयर जनता से झूठ बोल रही है कि बड़ा हुआ टैक्स नहीं देना पड़ेगा। हाई कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि नगर निगम का फैसला सही है और नगर निगम में किसकी सत्ता है यह बताने की जरूरत नहीं है।

### डॉली शर्मा हाउस टैक्स के विरोध में करेंगी प्रैस कान्फ्रेंस



**करंट क्राइम।** कांग्रेस के टिकट पर मेयर का चुनाव लड़ चुकी डॉली शर्मा भी विपक्ष के नेता के रूप में मैदान में आयी हैं। बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में डॉली शर्मा आज सुबह 11 बजे प्रैस कॉन्फ्रेन्स करेंगी। वो हाउस टैक्स वृद्धि से जुड़े कई तथ्य और जनता पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा करेंगी। डॉली शर्मा मेयर से लेकर लोकसभा तक चुनाव लड चुकीं हैं। हालांकि वो पहले इस मुद्दे पर खामोश रही हैं लेकिन अब जब पूरा विपक्ष खुलकर सामने आया है तो डॉली शर्मा भी जोश में हैं।

# 7 दिन जर्मनी में रहकर कुछ इस तरह किया मंत्री सुनील शर्मा ने शाकाहारी भोजन का इंतजाम

## नहीं गए होटल और रेस्टोरेंट, घर के उपमें से चलाया काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्कृति और संस्कार ये किसी भी व्यक्ति आचार और व्यवहार में परिलक्षित होते हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा विशुद्ध शाकाहारी हैं और वो घंटों तक नियमित रूप से पूजा अर्चना भी करते हैं। अपने धर्म और संस्कृति को लेकर उनका अनुशासन इतना कठोर है कि सावन के महीने में जब उन्हें जापान जाने का निर्देश प्राप्त हुआ तो उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया और जापान टूर छोड़ दिया था। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सात दिन के जमर्नी फ्रांस टूर पर विदेश गये। यहां उन्होंने एक मिसाल पेश की है और ये दिखाया है कि जीवन शैली और संस्कारों में कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

सुनील शर्मा विशुद्ध शाकाहारी हैं और लहसुन प्याज तक भी नहीं खाते। अब जब सात दिन का विदेश प्रवास था तो यहां उन्होंने भोजन की शुद्धता का ध्यान रखा और वो घर से भोजन लेकर गये और विदेश की धरती पर भी उन्होंने विशुद्ध शाकाहारी भारतीय भोजन किया। इस स्थिति को उन्होंने कैसे मैनेज किया, इसके बारे में करंट क्राइम ने उनसे बात की। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि विदेश प्रवास में तीन शहरों में रूकना हुआ। उन्होंने बताया कि मैं कभी भी उस होटल का खाना नहीं खाता जहां वैज के साथ नॉनवैज भी बनता है।

दूसरी बात ये है कि मैं लहसुन प्याज का खाना नहीं खाता हूं। ऐसे में फिर ईटिंग को लेकर क्या सीन रहा के सवाल पर कैबिनेट मंत्री ने खुलासा किया कि मेरी पत्नी ने मुझे घर से ही सूखा उपमा और अन्य भोजन तैयार कर दिया था। मैंने उसे खाया। इसके अलावा सलाद खाया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि विदेशप्रवास में भी भाजपा परिवार ने मेरा ध्यान रखा। उन्होंने बताया कि जर्मनी में साहिबाबाद के राजेन्द्र नगर में रहने वाले हमारे देवतुल्य कार्यकार्ता की बेटी निहारिका और उनके पति अभिषेक ने मेरा पूरा ध्यान रखा। वो मेरे लिए घर से विशुद्ध सात्विक भोजन लेकर आये। उन्होंने बताया कि विदेश में भी हमने घर का भोजन किया। उन्होंने बताया कि दूसरे शहर में भारत के मिस्टर मित्तल नामक उद्योगपति मिले। वो जर्मनी में रेलवे के बड़े निर्माता हैं। उनकी बड़ी फैक्ट्री है। जब उन्हें मेरे बारे में पता चला तो वो मेरे लिए बिना प्याज और लहसुन का खाना अपने घर से बनवाकर लाये। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि जीवन का प्रयोजन हमेशा शुद्ध होना चाहिए और हमें कभी भी अपनी संस्कृति और संस्कारों से समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मैंने विदेश में घर का भोजन किया और विदेश से लौटकर आने के बाद घर आते ही भारतीय व्यंजन पकौड़ी का आनंद लिया।



### सपना होगा साकार, उनके पास तकनीक हमारे पास बाजार

करंट क्राइम। विदेश प्रवास को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि हम निवेश के लिए वहां के उद्योगपतियों को आमंत्रण देने के लिए गये थे। उन्होंने बताया कि भारतीय डैलिगेशन अपने उददेश्य में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोप में मैन पावर की कमी है लेकिन उनके पास तकनीक है। हमने उन्हें कहा कि आप अपनी तकनीक लेकर भारत में इंवेस्ट करो। हमारे पास बाजार है, 144 करोड़ लोगों का बाजार आपका इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां मैन पावर भी है और बाजार भी है। यात्रा काफी उत्साहवर्धक रही है।

### डिप्टी सीएम के साथ गुजारे कैबिनेट मंत्री के वो सात दिन

करंट क्राइम। विदेश का प्रवास और सात दिन तक डिप्टी सीएम का साथ । लगातार मीटिंग में साथ रहे, फ्लाईट में साथ रहे। सात दिन तक डिप्टी सीएम के साथ कैबिनेट मंत्री रहे। ऐसे में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और कैबिनेट मंत्री के बीच क्या सियासी विषयों पर भी संवाद हुआ। क्या यूपी की राजनीति को लेकर कोई चर्चा विदेश की धरती पर हुई। इस सवाल पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्या डिप्टी सीएम हैं और उसके साथ साथ वो भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता भी हैं। मैं कैबिनेट मंत्री हूं और उससे भी पहले भाजपा कार्यकर्ता हूं। दो कार्यकर्ता जब एक साथ राष्ट्र के एक उद्देश्य को लेकर विदेश की धरती पर साथ हैं तो फिर इससे बेहतर क्या होता। केशव प्रसाद मौर्या वास्तव में एक शानदार इंसान हैं और उनका आत्मीय व्यवहार सबको मोहित करता है। कार्यकर्ताओं के साथ घुलमिलकर रहते हैं। उनके साथ सात दिन का टूर काफी अच्छा रहा है और काफी कुछ सीखने का मौका मिला है।

### जब पार्षद ने पूछा पार्षदों से क्या बनाया प्लान

## नहीं दिया किसी ने कोई रिप्लाई और ग्रुप रहा सुनसान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मी-लॉर्ड का फैसला आने के बाद वार्ड में भी रिएक्शन है। पार्षदों ने ऐलान किया था कि वो शनिवार को निगम सभागार में आयेंगे। उन्होंने कहा था कि वो शनिवार को निगम सभागार में आयेगें और विचार विमर्श करेंगे। लेकिन यहां पर सीन ये भी चल रह है कि पार्षदों में से उस पार्षद की भी पहचान हो रही है जो रणनीति लीकेज का वाहक तो नहीं है। बड़ी बात ये है कि पार्षद एकता वाले ग्रुप पर ही इसका मुलाहिजा दिखा। एक पार्षद ने ये पूछा कि नगर निगम कार्यालय में विचार विमर्श करने के लिए आप में से कौन कौन से पार्षद आ रहे हैं इसकी जानकारी दें। शनिवार सुबह हम सभी को सदन में पहुंचना है। बताते हैं कि पार्षद ने पूछा लेकिन उस पर किसी ने संज्ञान नहीं लिया। पार्षद भी भाजपाई है मगरकोई रिप्लाई नहीं आया। पार्षद एकता का ग्रुप है मगर एकता वाले सीन में ये एनेकता क्यों थी। बहरहाल अब धीरे धीरे रणनीति बनेगी तो ये मामला सामने आयेगा। पार्षद एकजुट हो रहे हैं और ऐसा लगता है कि वो अब अपनी रणनीति का खुलासा नहीं करना चाहते।

# पुलिस कमिश्नरेट के थानों में होगी मयार्दा के साथ होली

## हुड़दंग पर सख्ती, डीजे, रंग की अनुमति पर नशे पर रहेगा बैन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** होली के अगले दिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों, लाइन, कार्यालयों और अधिकारियों के आवास पर पुलिसकर्मियों की पारंपरिक होली मनाई जाएगी। हालांकि इस बार साफ संदेश दिया गया है कि उत्साह रहेगा, लेकिन मयार्दा और अनुशासन से कोई समझौता नहीं होगा। अधिकारियों के अनुसार थानों के परिसर में डीजे की धुन पर रंगोत्सव और होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। सीमित दायरे में रंग और पानी से होली खेलने की अनुमति रहेगी, लेकिन नशे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। कपड़ा फाड़ होली या किसी भी प्रकार की



अभद्रता पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सूत्रों के मुताबिक यदि किसी भी पुलिसकर्मी की आपत्तिजनक फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होती है, तो उसे संज्ञान में लेकर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कोई अलग से औपचारिक आदेश जारी नहीं होगा, लेकिन सभी को जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य मार्गों या सार्वजनिक मैदानों में कोई आयोजन नहीं होगा; सभी कार्यक्रम थानों और कार्यालय परिसरों तक ही सीमित रहेंगे। पुलिस महकमे का कहना है कि सालभर कानून-व्यवस्था संभालने वाले जवानों को भी त्योहार मनाने का अवसर मिलना चाहिए, लेकिन वर्दी की गरिमा और विभाग की छवि सर्वोपरि रहेगी।

## संपादकीय

# भारत-इजरायल आयरन दोस्ती

प्रधानमंत्री मोदी ने जैसे ही इजरायल की संसद को संबोधित किया, वह प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन 18 देशों की संसद को संबोधित करने वाले वह एकमात्र प्रधानमंत्री हैं। यह किसी की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की ताकत है। प्रधानमंत्री के जरिए भारत का सम्मान और कीर्तिमान सामने आया है। भारत विश्व की एक महाशक्ति है, सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था है और सबसे विशाल, सशक्त लोकतंत्र है। यह इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी माना और ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे देश में दोबारा गए, जिसे 10 अरब देश मान्यता ही नहीं देते, लेकिन किसी भी मुस्लिम देश ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का घोषित विरोध नहीं किया। वैसे भारत में भी वामपंथी किस्म की ताकतें चिलचिलाती रही हैं कि इजरायल की मान्यता रद्द करें। इजरायल को भारत ने मान्यता 1992 में तब दी थी, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और कुछ वामपंथी सांसद भी उस अल्पमत सरकार को समर्थन दे रहे थे। बहरहाल महत्वपूर्ण सवाल यह है कि करीब 1.20 करोड़ की आबादी वाला इजरायल, मेघालय राज्य के लगभग बराबर, 147 करोड़ से अधिक की सर्वाधिक आबादी वाले भारत के लिए इतना जरूरी और रणनीतिक साझेदार क्यों है? क्योंकि नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, एआई, साइबर सुरक्षा, हाईटेक विनिर्माण, सेवाओं, रेगिस्तान में खेती, पानी प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग के संदर्भ में इजरायल भी भारत का आजमाया हुआ मित्र-देश है। वह भारत को हैरोन ड्रोन देगा, जो 35,000 फुट की ऊंचाई पर लगातार 45 घंटे तक और 470 किग्रा सामान लेकर उडऩे में सक्षम है। इजरायल ड्रोन प्रौद्योगिकी का ह्यमास्टर देश है। वह नवाचार का भी पॉवरहाउस है। उसने कृषि में क्रांति की है और वह आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली वाला देश है, जिसकी सफलता-दर 90 फीसदी के करीब है। खुफियागीरी में मोसाद के कारनामे अद्वितीय हैं। राजधानी दिल्ली से आधे से भी छोटा देश और भारत का तीसरा सबसे बड़ा रक्षा-सहयोगी और रणनीतिकार देश..! सबसे अधिक 36 फीसदी रक्षा उत्पाद और हथियार आदि रूस और 33 फीसदी फ्रांस हमें सप्लाई करते हैं, लेकिन 13 फीसदी का योगदान इजरायल का भी है। ह्यआयरन डोम ऐसा सिस्टम है, जो इजरायल ने सिर्फ अमरीका को ही दिया है और अब भारत को मुहैया करा सकता है। दोनों देशों के बीच रक्षा और व्यापार समझौतों की घोषणा में स्पष्ट हो जाएगा कि इजरायल हमें किन आधारों पर आयरन डोम देगा। वाकई यह भारत-इजरायल की आयरन डोम दोस्ती और भाईचारे का नया अध्याय है। दोनों देशों के संबंध 2000 साल पुराने हैं। इसका प्रधानमंत्री मोदी ने उल्लेख किया है और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी कहा है कि दोनों प्राचीन सभ्यताओं वाले देश हैं। भारत यहूदियों का अपना घर है। भारत के प्रमुख शहरों में यहूदी बसे हुए हैं। प्रताडऩा या शोषण अथवा हिंसा का कोई भी प्रमुख मामला सामने नहीं है। बल्कि भारत में इजरायल के सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं।

# पीयूष गोयल बोले: अमेरिकी टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद रुको और इंतजार करो के मोड में भारत



**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत रुको और इंतजार करो की रणनीति अपना रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार अमेरिका के साथ संवाद में है और बदलती स्थिति के बीच देश के हितों की रक्षा करते हुए बेहतर व्यापार समझौते पर ध्यान दे रही है।

उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत फिलहाल रुको और इंतजार करो की स्थिति में है और हालात लगातार बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश के हितों की रक्षा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है।

गोयल ने कहा कि भारत अमेरिकी प्रशासन के साथ लगातार संवाद में है और आंतरिक स्तर पर भी विचार-विमर्श जारी है। उन्होंने कहा कि यह एक विकसित होती स्थिति है। हम घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत के सर्वोत्तम हित सुरक्षित रहें।

मंत्री ने आश्वस्त किया कि भारत बेहतर अवसरों के लिए संवाद की नीति पर कायम है और वैश्विक व्यापार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हो रही बातचीत का उद्देश्य ऐसा समझौता सुनिश्चित करना है, जिससे भारत को अन्य उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिल सके और राष्ट्रीय हित के क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खुलें।

भारत की बातचीत की स्थिति पर सवाल के जवाब में गोयल ने कहा कि परिस्थितियां अभी गतिशील हैं और विभिन्न स्तरों पर संवाद जारी है। उन्होंने संकेत दिया कि हालात बदलने पर व्यापार समझौते में संतुलन (रीबैलेंस) की गुंजाइश भी रखी गई है।

टैरिफ दरों को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि अगर शुल्क दर 18 प्रतिशत के बजाय 15 प्रतिशत होती है, तो निर्यात को बिना बाधा जारी रखने में मदद मिलेगी। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी व्यापार समझौते का आकलन केवल टैरिफ के आधार पर नहीं, बल्कि उसके व्यापक सकारात्मक पहलुओं के आधार पर किया जाना चाहिए।

गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार तुलनात्मक लाभ पर आधारित होता है। उनके अनुसार, अगर भारत के प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ दर मिलती है, तो यह निर्यात के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पहले 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण भारत को निर्यात में बड़ा नुकसान झेलना पड़ता था, जबकि इसे कम स्तर पर लाना भारत के लिए महत्वपूर्ण लाभ साबित हो सकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम समझौते के पूर्ण विवरण अभी साझा नहीं किए जा सकते, लेकिन इसमें कई सकारात्मक पहलू शामिल हैं और हितधारकों को स्थिति स्पष्ट होने तक इंतजार करना चाहिए।

# तीन लाख करोड़ रुपये का होगा उपभोक्ता बाजार

**नई दिल्ली।** भारत का उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का बाजार तेजी से विस्तार के दौर में है। वर्ष 2029 तक इसके 11 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर से बढ़कर करीब तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। जीआई ग्रुप होल्डिंग की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि 73 प्रतिशत उपभोक्ता अभी भी ह्यवैल्यू फॉर मनी उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन बेहतर प्रदर्शन मिलने पर लगभग 70 प्रतिशत लोग मिड-टियर या प्रीमियम उत्पादों में निवेश करने के लिए तैयार हैं।



अपग्रेड का ट्रेंड कैसे हो रहा मजबूत महिलाओं की भूमिका भी इस अपग्रेड ट्रेंड में तेजी से बढ़ रही है, जहां 61 प्रतिशत महिलाओं ने अधिक महत्वाकांक्षी खरीदारी की इच्छा जताई है। करीब 46 प्रतिशत उपभोक्ता हर 2-3 साल में अपने ड्यूरेबल उत्पाद बदल रहे हैं और 63 प्रतिशत लोग अपग्रेड के दौरान अक्सर ब्रांड भी बदल लेते हैं। ऐसे में खरीद का अनुभव, बिक्री के बाद सेवा और भरोसेमंद सपोर्ट बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त के अहम कारक बनते जा रहे हैं।

**स्मार्ट लिविंग की बढ़ रही मांग** : रिपोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि अगली बड़ी मांग ह्यस्मार्ट लिविंग से जुड़ी होगी। लगभग 42 प्रतिशत उपभोक्ताओं के पास पहले से कम से कम एक स्मार्ट डिवाइस है, जबकि 67 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनकी अगली खरीद स्मार्ट फीचर वाले उत्पाद की होगी।

# 'हर सुधार और आवंटन विकसित भारत 2047 की दिशा में कदम'



**नई दिल्ली।** पोस्ट-बजट वेबिनार में पीएम मोदी ने कहा कि हर सुधार और बजटीय आवंटन ह्यविकसित भारत 2047 की दिशा में कदम है। उन्होंने सुधारों के बेहतर क्रियान्वयन, जमीनी प्रभाव की समीक्षा और पारदर्शिता व गति बढ़ाने के लिए अक् ब्लॉकचेन व डेटा एनालिटिक्स के उपयोग पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोस्ट-बजट के पहले वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का हर सुधार और हर बजटीय आवंटन ह्यविकसित भारत 2047ह्न के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए, बजट के बाद हर साल होने वाले ये वेबिनार बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि नीतिगत फैसलों का मकसद दीर्घकालिक विकास को गति देना और देश को विकसित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाना है।

### नीति-निर्माण नहीं, बल्कि बेहतर क्रियान्वयन भी उतना ही जरूरी

टेक्नोलॉजी, रिफॉर्म्स एंड फाइनेंस फॉर विकसित भारत को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सुधारों की रफ्तार बनाए रखने के लिए सिर्फ नीति-निर्माण नहीं, बल्कि बेहतर क्रियान्वयन पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि सुधारों का मूल्यांकन केवल उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए।

### रिफॉर्म एक्सप्रेस को लेकर क्या बोले पीएम?

पीएम मोदी ने कहा कि रिफॉर्म एक्सप्रेस को बनाए रखने के लिए केवल नीतियों के इरादे पर नहीं, बल्कि बेहतर क्रियान्वयन पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। सुधारों का आकलन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए और पारदर्शिता, गति व जवाबदेही बढ़ाने के लिए एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स के साथ शिकायत निवारण प्रणाली का उपयोग जरूरी है।

### निवेशकों के लिए पीएम ने क्या है?

मोदी ने कहा कि सरकार की कोशिश व्यवस्था को अधिक पूवार्नुमानित और निवेशकों के अनुकूल बनाने की है। उन्होंने कहा कि बॉन्ड मार्केट सुधारों को दीर्घकालिक आर्थिक सुधारों के सक्षम साधन के रूप में देखा जाना चाहिए।

# अमेरिका-ईरान तनाव से बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 961 अंक टूटा



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 961.42 अंक गिरकर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 317.90 अंक गिरकर 25,178.65 अंक पर बंद हुआ।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट हुई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 961.42 अंक या 1.17 प्रतिशत गिरकर 81,287.19 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 317.90 अंक या 1.25 प्रतिशत गिरकर 25,178.65 पर बंद हुआ। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे गिरकर 90.99 पर बंद हुआ।

**अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे तनाव ने चिंता बढ़ाई** : ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हाल ही में हुई अमेरिका-ईरान वार्ता बिना किसी सफलता के समाप्त हो गई, जिससे अमेरिकी हमले की संभावना और व्यापक पश्चिम एशिया संघर्ष के जोखिम को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

उन्होंने कहा कि ईरान के संबंध में अमेरिका की अगली कार्रवाई को लेकर बढ़ती अनिश्चितता और घरेलू स्तर पर नए उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति में, निवेशकों की भागीदारी सतर्क और चुनिंदा रहने की संभावना है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।
- एक समुद्री केकड़े का दिल उसके सिर में होता है।
- इंटरनेट पर 80% ट्रैफिक, सर्च इंजन से आता है।
- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया के 100 सबसे अमीर आदमी एक साल में इतना कमा लेते हैं, जिससे दुनिया की गरीबी 4 बार खत्म की जा सकती है।
- हर सेकंड 100 से अधिक आसमानी बिजली धरती पर गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।

## राशिफल

**मेष:** किसी खास व्यक्ति से सहयोग मिल सकता है। आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

**वृष:** पिता के व्यवहार से आपका मन थोड़ा उदास हो सकता है। प्रेमी जन से आज कोई वायदा न करें। धर्म-कर्म को लेकर आडम्बर करने वालों की आलोचना होगी।

**मिथुन:** मानसिक रूप से अशांत रहेंगे। आफिस में आपको अपमान झेलना पड़ सकता है। घरवालों की बात भी उचित व अनुकूल प्रतीत नहीं होगी।

**कर्क:** आज कुछ साथियों से आपका मनमुटाव हो सकता है। आज आपका खर्च बढ़ सकता है, इसलिए आपको अपने खर्चों पर लगाम लगानी चाहिए।

**सिंह:** अपने कार्यों को दूसरों के भरोसे न छोड़े। व्यवसाय में आपको बड़ा निवेश करना पड़ेगा। आप जिनसे अपेक्षा रखेंगे वो ही आपको धोखा दे सकते हैं।

**कन्या:** विवाहित अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जताएं अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके खर्चे बजट को बिगाड़ सकते हैं।

**तुला:** बिना मतलब दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। छात्रों के लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। करियर को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे।

**वृश्चिक:** साथी भी खुश होगा कि आप काम व सफलता का मजा ले रहे हैं। अच्छे समय का पूरा लाभ उठाने अच्छे समय का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करें।

**धनु:** धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। कठिन परिस्थितियों में मित्र काम आयेंगे। सुख-सुविधाओं का आनन्द लेंगे। सम्पत्ति विवादों में उलझन बढ़ सकती है।

**मकर:** आज आपकी तरक्की में थोड़ी रुकावटें आ सकती हैं। इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। हालांकि इसके बावजूद आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा।

**कुंभ:** घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के सदस्य प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**मीन:** कोई फैसला करने से पहले अच्छाईयों, कमियों पर सावधानी से गौर फरमाएँ। ऐसे स्रोत से धन अर्जित कर सकते हैं, जिसके बारे में पहले सोचा तक न हो।

## चुटकुले

टीचर पिंटू से बहुत परेशान थे
टीचर - पिंटू अपनी बैग से सारी किताबें निकालो।
पिंटू - निकाल ली सर।
टीचर - ये किताब किसकी है?
पिंटू - सर, कागज की है।
टीचर - ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
पिंटू - तो फिर पूछ क्यों रहे हो?

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पती- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है
पती- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

मोनू: मेरा फोन बार-बार Hang हो जाता है।
गोलू: क्यों?
मोनू: शायद थक गया है।
गोलू: इतनी रील्स देखोगे तो फोन भी बोलेगा — बस करो भाई!

# 28 02 2026 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



**मनोज गुप्ता**
प्रधान सम्पादक
दैनिक करंट क्राइम



नीतू सेठी | अर्पणा मिश्रा | रामकिशोर अग्रवाल | अखंड प्रताप



अजय गुप्ता | डॉ. अवनीश गुप्ता | दीपक गुप्ता | राजेंद्र शर्मा | अंकित शुक्ला | आदेश



प्रशांत मिश्रा | सरफराज अहमद | विपिन कुमार | विपिन बिहारी | हर्ष गर्ग | अवनीश गुप्ता



पम्मी त्यागी | कुशल ठाकुर | शिवनाथ यादव | नितिन त्यागी | सुरेंद्र कुमार



वीनू | दीपक | जतिन बत्रा | शैलेश भारद्वाज | योगेश

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा को लेकर ऐसा क्या कहा, जिसकी हो रही चर्चा



**नई दिल्ली।** लगातार खराब फॉर्म और ह्यस्लॉगरह्ल जैसी आलोचनाओं के बीच अभिषेक शर्मा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 30 गेंदों में 55 रन ठोककर दमदार वापसी की। उनके मेंटर युवराज सिंह ने सोशल मीडिया पर उनकी सराहना की, वहीं सुनील गावस्कर ने तकनीकी बदलाव को उनकी सफलता की कुंजी बताया।

टी20 विश्व कप 2026 में अभिषेक शर्मा का सफर आसान नहीं रहा। ग्रुप स्टेज में लगातार तीन शून्य और सुपर-8 के पहले मैच में मामूली योगदान के बाद उन पर सवाल उठने लगे। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने तो उन्हें स्लॉगर यानी लप्पेबाज तक कह दिया। आलोचना का दौर तेज था और प्लेइंग इलेवन से बाहर किए जाने की चचाएं भी चल रही थीं। लेकिन टीम मैनेजमेंट ने युवा सलामी बल्लेबाज पर भरोसा बनाए रखा और जिम्बाब्वे के खिलाफ यह भरोसा सही साबित हुआ। अब अभिषेक के मेंटर और पूर्व दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी उनकी तारीफ की है और कहा कि आलोचनाओं के दौर में मुंह से नहीं, बल्कि बल्ले से ही जवाब देना है।

**बल्ले से दिया करारा जवाब**

जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मुकाबले में अभिषेक ने 30 गेंदों पर 55 रन की पारी खेली। शुरूआत में उन्होंने संयम दिखाया, गेंदबाज को परखा और फिर अपने स्वाभाविक आक्रामक अंदाज में लौट आए। चार छक्कों और चार चौकों से सजी इस पारी ने भारत को 256 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाने की नींव रखी। उनकी बॉडी लैंग्वेज में आत्मविश्वास साफ दिख रहा था। पहली ही गेंद पर सिंगल लेकर उन्होंने संकेत दे दिया कि इस बार जल्दबाजी नहीं होगी।

# लगातार दूसरा वनडे मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से नाम की सीरीज



**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को दूसरे वनडे में पांच विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। शुक्रवार को खेले गए मैच में टीम इंडिया ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 251 रन बनाए। जवाब में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने 36.1 ओवर में महज पांच विकेट पर 252 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

भारतीय महिला टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेल रही है। शुक्रवार को इस सीरीज का दूसरा मुकाबला होबार्ट में खेला गया, जहां मेजबानों ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दूसरा वनडे मैच जीतकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला रविवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया साख बचाने उतरेगी।

**कहां हुई टीम इंडिया से चूक**

### भारत की पारी

भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए थे। टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी रही थी। ➪ प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की थी। मंधाना 37 गेंद पर 4 चौकों की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुईं। ➪ जेमिमा रोड्रिग्स भी मात्र 11 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद तीसरे विकेट के रूप में प्रतीका 52 और चौथे विकेट के रूप में दीप्ति शर्मा 1 रन बनाकर आउट हो गईं। ➪ 103 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में फंसी भारतीय टीम को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने संभाला और छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम का स्कोर 9 विकेट पर 251 तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। ➪ हरमन आठवें विकेट के रूप में आउट हुईं। दाएं हाथ की इस अनुभवी बल्लेबाज ने 70 गेंदों पर 2 चौकों और 1 छक्के की मदद से 54 रन की पारी खेली। ➪ अमनजोत कौर ने 13, ऋचा घोष ने 22, काश्वी गौतम ने 25 और क्रांति गौड़ ने 19 रन की पारी खेली। ➪ अपना डेब्यू कर रही वैष्णवी शर्मा 5 गेंदों पर 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। ➪ ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर और अलाना किंग ने और एनाबेल सदरलैंड ने 2-2 विकेट लिए। ➪ मेगन स्कट और निकोला कैरी को 1-1 विकेट मिला।

### ऑस्ट्रेलिया की पारी

252 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही थी। ➪ अपनी आखिरी सीरीज खेल रही कप्तान एलिसा हीली सिर्फ 6 रन बनाकर 21 के स्कोर पर पहले विकेट के रूप में आउट हुईं। ➪ इसके बाद दूसरे विकेट के लिए फीबी लिचफिल्ड और जॉर्जिया वॉल ने 119 रन की साझेदारी की। लिचफिल्ड 62 गेंद पर 1 छक्के और 11 चौके की मदद से 80 रन बनाकर आउट हुईं। ➪ जॉर्जिया ने बेथ मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। जॉर्जिया ने बेहतरीन शतक लगाया। वह 82 गेंदों पर 1 छक्का और 13 चौकों की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुईं। ➪ बेथ मूनी ने 34 गेंद पर 31 और एनाबेल सदरलैंड ने 12 गेंद पर 10 रन बनाए। ➪ एश्ले गार्डनर 14 गेंद पर 19 और ताहिलिया मैकग्राथ शून्य पर नाबाद रहीं। ➪ ऑस्ट्रेलिया ने 36.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 252 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीत लिया और सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। ➪ भारतीय टीम के लिए काश्वी गौतम और दीप्ति शर्मा ने 2-2, जबकि क्रांति गौड़ ने एक विकेट लिया।

**कप्तान हरमनप्रीत ने खोला राजः** ऑस्ट्रेलियाई धरती पर ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीतने वाली भारतीय टीम को वनडे सीरीज में करारी शिकस्त मिली है। दूसरे वनडे के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बताया कि खराब बल्लेबाजी उनकी हार का कारण रही। एक टीम के रूप में हमने तय किया था कि पहले बल्लेबाजी करेंगे और 300 से अधिक का स्कोर बनाएंगे, क्योंकि आज की पिच पिछली पिच से कहीं बेहतर थी।

# जब देश ढूंढ रहा था हीरो, तब उभरे ब्रायन बेनेट

## क्या किसान का बेटा बदलेगा जिम्बाब्वे की तकदीर



### टी20 विश्वकप 2026 में पांच में से चार पारियों में नॉटआउट रहे बेनेट

| खिलाफ | पारियां | गेंदबाजी | मैदान |
|---|---|---|---|
| भारत | 97* | 0/16 | चेन्नई |
| वेस्टइंडीज | 5 | — | मुंबई |
| श्रीलंका | 63* | — | कोलंबो |
| ऑस्ट्रेलिया | 64* | — | कोलंबो |
| ओमान | 48* | 0/18 | कोलंबो |

### बहुमुखी प्रतिभा वाले खिलाड़ी हैं ब्रायन

क्रिकेट के अलावा बेनेट ने हॉकी, स्क्वैश और रग्बी भी खेला। स्कूल में दो खेल जरूरी थे, गर्मियों में क्रिकेट और सर्दियों में हॉकी। यही अनुभव उनकी फिटनेस और मानसिक मजबूती की नींव बना। कोविड के कारण स्कूल के आखिरी दो साल प्रभावित हुए, तो 2022 में वह दक्षिण अफ्रीका के किंग्सवुड कॉलेज चले गए, ताकि ज्यादा मैच खेल सकें। ब्रायन ने बताया, 'कोविड में खेल नहीं हो पा रहे थे, इसलिए वहां जाकर फिर से लय मिली।'

### ब्रायन बेनेट के बल्लेबाजी आंकड़े

| प्रारूप | मैच | रन | सर्वोच्च स्कोर | | औसत | स्ट्राइक रेट शतक | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 11 | 509 | 139 | 29.94 | 71.48 | 2 | 2 |
| वनडे | 11 | 348 | 169 | 31.63 | 96.13 | 1 | 0 |
| टी20क | 57 | 1873 | 111 | 36.72 | 143.96 | 1 | 12 |



**नई दिल्ली।** टी20 विश्वकप 2026 जिम्बाब्वे के लिए नए युग की शुरूआत है। पिछली दो वनडे विश्व कप और 2024 टी20 विश्व कप में जगह न बना पाने के बाद अब टीम वापसी की कोशिश में है। बेनेट का लक्ष्य साफ है और वह बताते हैं, 'मैं जिम्बाब्वे को फिर से प्रतिस्पर्धी बनाना चाहता हूं। बड़े टीमों को चुनौती देना और हर विश्व कप में खेलना चाहता हूं।'

जब जिम्बाब्वे क्रिकेट अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रहा था, तब देश को एक नए चेहरे, एक नई उम्मीद की तलाश थी। बड़े नाम विदा ले चुके थे, सपने बिखर चुके थे और भरोसा डगमगा रहा था। ऐसे समय में हरारे के एक साधारण घर से उठी गेंद-बल्ले की आवाज अब विश्व मंच तक गूंज रही है। 22 वर्षीय ब्रायन बेनेट आज जिम्बाब्वे की नई सुबह का प्रतीक बन चुके हैं। वह जिम्बाब्वे क्रिकेट के टूटते सपनों के बीच एक नई किरण बनकर उभरे हैं। वह न तो किसी अकादमी से उभरे, न किसी बड़े वादे से जाने गए, बल्कि घर के पिछले हिस्से में लगे छोटे से नेट पर अभ्यास कर विश्व मंच तक पहुंचे। उस नेट में वह और उनके भाई घंटों क्रिकेट खेलते थे, बिना यह सोचे कि एक दिन वह देश की नई उम्मीद बन जाएंगे।

### क्यों चर्चा में हैं ब्रायन बेनेट

जब से टी20 विश्वकप टूनार्मेंट (2007 से) शुरू हुआ है, कभी ऐसा नहीं हुआ कि कागज पर कमजोर दिखने वाली टीम का बल्लेबाज टूनार्मेंट के शीर्ष पांच सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में शामिल हो। पर ब्रायन बेनेट ने यह कर दिखाया।

वह टूनार्मेंट के इस संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने पांच मैचों की पांच पारियों में 277 की औसत से 277 रन बनाए। इनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 135.78 का रहा। इस दौरान उन्होंने 31 चौके और छह छक्के लगाए। ये सभी छह छक्के उन्होंने गुरुवार को भारत के खिलाफ पारी के दौरान लगाए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 59 गेंद में आठ चौके और छक्के की मदद से और 164.41 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 97 रन की पारी खेली।

22 साल का यह लड़का ओपनिंग करने उतरा और नॉटआउट रहा। यह पहली बार नहीं था कि ब्रायन ओपनिंग करने उतरे और आखिरी तक नॉट आउट रहे। इस विश्वकप में उनकी पांच पारियों में चार बार ऐसा हुआ, जब वह नॉटआउट पवेलियन लौटे।

वह एक बार आउट सिर्फ वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए। 22 साल में इतनी मैच्योरिटी शायद ही किसी बल्लेबाज में दिखी हो। उनकी बाकी पारियों में एक भी छक्का नहीं था, लेकिन भारत की मजबूत गेंदबाजी लाइन अप के सामने उन्होंने यह कमी भी पूरी कर दी। वह शतक से चूक गए, लेकिन पूरी दुनिया के फैंस के दिल जीत गए। इस विश्वकप में ब्रायन की पारियां- नाबाद 48 रन, नाबाद 64 रन, नाबाद 63 रन, पांच रन और नाबाद 97 रन की रही हैं।

**ब्रायन बेनेट ने कैसे थामा बल्ला?**

ब्रायन बेनेट कभी टीवी के सामने बैठकर कवर ड्राइव गिनने वाला बच्चों में नहीं गिने जाते थे। न ही दीवारों पर क्रिकेटरों के पोस्टर लगाने वालों में रहे, न ही उन्होंने बचपन में कोई बड़ी घोषणा कि मैं देश के लिए खेलूंगा, ये करूंगा, वो करूंगा। उनके लिए क्रिकेट की शुरूआत घर के पिछले हिस्से में लगे एक छोटे से नेट से हुई, जहां सामने उनके जुड़वां भाई खड़े होते थे और गेंद-बल्ले की आवाज घंटों गूंजती रहती थी। आज वही 22 वर्षीय ब्रायन बेनेट जिम्बाब्वे क्रिकेट की नई पहचान बन चुके हैं।

### साधारण शुरूआत, साधारण सफर

हंबनटोटा में ट्रेनिंग कैंप के दौरान बेनेट ने कहा, 'मैं बचपन में क्रिकेट को ज्यादा फॉलो नहीं करता था। स्कूल में अपने भाइयों और पिताजी के साथ खेलता था। अंडर-19 के आसपास आकर ही मैंने जिम्बाब्वे क्रिकेट को गंभीरता से फॉलो करना शुरू किया।' उनके पिता, जो एक ब्लूबेरी किसान हैं, खुद क्लब क्रिकेट खेल चुके हैं और यंग मशोनालैंड के लिए कुछ फर्स्ट क्लास मैच भी खेले।

# रिंकू के पिता के निधन पर क्रिकेट जगत ने जताया दुख, दिग्गजों ने कैसे दी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। इस संकट के समय में भारतीय क्रिकेट जगत ने उन्हें ढांढस बंधाने की कोशिश की है।

भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह पर दुखों का पहाड़ टूटा है। उनके पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार को नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह लिवर कैंसर के स्टेज-4 की बीमारी से जूझ रहे थे। इलाज के दौरान आज उनका निधन हो गया। इस संकट के समय में भारतीय क्रिकेटर्स ने एकजुटता दिखाते हुए दुख जताया है। पूर्व कप्तान विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, इस मुश्किल समय में मेरी दुआएं आपके साथ हैं। वहीं, पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने लिखा, इस मुश्किल समय में मैं आपके और आपके परिवार के साथ खड़ा हूं।

### नम आखों से दी अंतिम विदाई

रिंकू के पिता तीन दिन से अस्पताल में भर्ती थे, जहां लंबी बीमारी से जूझने के बाद उनका निधन हो गया। शुक्रवार को खानचंद का पार्थिव शरीर अलीगढ़ लाया गया, जहां स्टार बल्लेबाज और उनके पिता ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। रिंकू की कामयाबी में उनके पिता की अहम भूमिका रही।

**पिता की मेहनत रंग लाई, बेटा बना 'स्टार'**

आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से अलीगढ़ के रिंकू सिंह ने जैसे ही एक के बाद एक जीत के पांच छक्के लगाए, तो रिंकू सिंह हर जगह छा गए। इसके बाद रिंकू के एक के बाद एक सपने सच होते चले गए। इस सफलता में रिंकू सिंह के पिता की जी तोड़ मेहनत शामिल है। क्रिकेटर रिंकू सिंह का जन्म अलीगढ़ के गोविला गैस एजेंसी पर काम करने वाले खानचंद सिंह के यहां हुआ।

रिंकू सिंह के पिता गैस गजेंसी में हॉकर का काम करते थे। रिंकू पांच भाई- एक बहन में तीसरे नंबर के हैं। रिंकू के पिता खानचंद ने गैस एजेंसी के दिए हुए दो कमरों के मकान में अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर गुजर बसर किया। रिंकू को बचपन से ही क्रिकेट का शौक था।

# भारत-जिम्बाब्वे मैच में दिखी मिस्ट्री गर्ल, ग्लैमर देख फैंस में बढ़ी उत्सुकता



**चेन्नई।** भारत और जिम्बाब्वे के बीच टी20 विश्वकप 2026 के मैच एक खास वजह से चर्चा में है। मैच के दौरान एक मिस्ट्री गर्ल दिखी, जिसको लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा छिड़ गई। फैंस में उसको जानने को लेकर उत्सुकता दिखी और सोशल मीडिया पर उस मिस्ट्री गर्ल को लेकर खूब बात हुई। चेन्नई में खेले गए मैच के दौरान जैसे ही कैमरा उस मिस्ट्री गर्ल की ओर घूमा, सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल हो गईं। भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रन से हराकर सेमीफाइनल की उम्मीदें बनाए रखी हैं।

दरअसल, भारतीय पारी के दौरान 10वें ओवर के खत्म होने पर कैमरा दर्शक दीर्घा की ओर घूमा। उस वक्त भारत का स्कोर एक विकेट पर 109 रन था। बिग स्क्रीन पर एक लड़की दिखी, जिसकी स्माइल बेहद क्यूट दिख रही थी।

स्क्रीन पर अपना चेहरा देख वह मिस्ट्री गर्ल भी मुस्कुरा उठी। उसने स्क्रीन की ओर इशारा भी किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर उसको लेकर काफी बातें हुईं। फिर खुलासा हुआ कि वह लड़की कोई और नहीं, बल्कि नैना भान हैं। नैना एक्ट्रेस, मॉडल और कंटेंट क्रिएटर हैं।

वह नेटफ्लिक्स की सीरीज 'क्लास' और 'मेड इन हेवन' में काम कर चुकी हैं। नैना ने खुद ही अपनी तस्वीर अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर की है। उनको लेकर हो रही चर्चा का स्क्रीनशॉट भी उन्होंने शेयर किया है। नैना ने स्टोरी में लिखा- मैंने भारत-जिम्बाब्वे का मैच चेन्नई में देखा।

फिर एक मीम भी शेयर किया- जिसमें लिखा है- कैमरामैन को मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड। उनका इंस्टाग्राम आईडी नैना बी नाम से है। इंस्टाग्राम पर उनके एक लाख 89 हजार फॉलोअर्स हैं।

# भारत को यह गलती पड़ न जाए भारी! ऐसा हुआ तो बिना जीते भी सेमीफाइनल में पहुंचेगा वेस्टइंडीज

**नई दिल्ली।** भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नेट रन रेट सुधारने का मौका गंवा दिया। बारिश की आशंका में, यदि भारत-वेस्टइंडीज मैच रद्द हुआ, तो बेहतर नेट रन रेट के कारण वेस्टइंडीज सेमीफाइनल में पहुंच सकता है। टीम इंडिया को अपनी गेंदबाजी और रणनीति पर तत्काल ध्यान देना होगा।

टी20 विश्वकप 2026 अपने सबसे रोमांचक दौर में पहुंच चुका है। सेमीफाइनल के लिए जंग रोमांचक हो चली है। भारत के जिम्बाब्वे को हराते ही दक्षिण अफ्रीका की टीम अंतिम-चार में पहुंच गई। वहीं, इंग्लैंड की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। अब दो स्थानों के लिए जंग है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच एक मार्च को कोलकाता में नॉकआउट मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, दूसरे स्थान के लिए न्यूजीलैंड और पाकिस्तान में टक्कर है।

अगर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को इंग्लैंड को हरा दिया तो उनकी सीट पक्की हो जाएगी। वहीं, इस मैच में अगर इंग्लैंड जीता तो पाकिस्तान के लिए भी रास्ते खुल जाएंगे। फिर उन्हें एक तय मार्जिन से अपने आखिरी सुपर-8 मैच में श्रीलंका को हराना होगा। हालांकि, इन सबके बीच एक समीकरण ऐसा भी है, जिससे भारत को खतरा है। अगर ऐसा हुआ तो वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ जीत हासिल करने की जरूरत नहीं होगी, बिना जीते ही कैरिबियाई टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

### सुपर 8 ग्रुप 1- अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका (द) | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +2.890 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +1.791 |
| भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| जिम्बाब्वे (ए) | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |



**भारत ने की बहुत बड़ी गलती**

दरअसल, भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में एक बहुत बड़ी गलती की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद टीम ने बल्लेबाजी तो सुधारी, लेकिन गेंदबाजी फींकी पड़ गई। भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256 रन बना दिए, लेकिन कागज पर कमजोर जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी को भारतीय गेंदबाज जल्द से जल्द समेटने में कामयाब नहीं हो सके। भारत के 257 रन के लक्ष्य के जवाब में जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में छह विकेट पर 184 रन बना डाले। टीम इंडिया ने यह मैच 72 रन से जरूर जीता, लेकिन नेट रन रेट अभी भी निगेटिव ही है। भारत -3.80 से -0.100 तक पहुंच पाया।

**भारत के पास नेट रन रेट बेहतर करने का मौका था**

यह एक ऐसा मैच या फिर यूं कहें 256 का स्कोर एक ऐसा स्कोर था, जहां भारत को अपना नेट रन रेट बेहतर करने का मौका था। अगर भारतीय टीम जिम्बाब्वे को जल्द से जल्द समेटती तो नेट रन रेट वेस्टइंडीज के आसपास करने का मौका था। ऐसा इसलिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। इससे वेस्टइंडीज का नेट रन रेट +5.35 से गिरकर +1.791 हो गया। 100+ रन से जीत भारत को नेट रन रेट में वेस्टइंडीज के आसपास ले जा सकती थी। हम ऐसा क्यों कह रहे हैं, भारत ने शिवम दुबे से जबरदस्ती दो ओवर करवाए, जबकि जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या के एक-एक ओवर बाकी थे। इन दो ओवरों में शिवम दुबे ने 46 रन खर्च कर दिए। उन्हें एक विकेट जरूर मिला, पर टीम मैनेजमेंट का यह फैसला समझ से परे था। अगर यही दो ओवर हार्दिक और बुमराह से कराए जाते तो हो सकता था कि सिर्फ 10-15 रन बनते और भारत की जीत 100+ रन की होती। टीम इंडिया को इतने बड़े स्कोर के बाद जिम्बाब्वे पर दबाव बनाना चाहिए था, जैसा वेस्टइंडीज ने किया था और 254 के जवाब में 147 रन पर जिम्बाब्वे की पारी को समेट दिया था।

### क्यों यह चूक पड़ सकती है भारी

यह तो तय है कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में एक मार्च को जो जितेगा, वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। पर अगर बारिश ने खलल डाला और मैच धुला तो भारत टूनार्मेंट से बाहर हो जाएगा। बारिश से बाधित मैच में डकवर्थ लुईस नतीजे के लिए दोनों पारियों में कम से कम पांच-पांच ओवर का खेल जरूरी है। हालांकि, ऐसा संभव नहीं हो पाया और पूरे मैच में बारिश हुई और खेल नहीं हो पाया तो वेस्टइंडीज बेहतर नेट रन रेट के दम पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएगा। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं है। वेस्टइंडीज को मैच खेलने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। दोनों टीमों को एक-एक अंक जरूर मिलेंगे, लेकिन नेट रन रेट नहीं बदलेगा और बेहतर नेट रन रेट के साथ वेस्टइंडीज दक्षिण अफ्रीका के साथ अंतिम-चार में पहुंच जाएगा। यह टीम इंडिया के लिए चिंताजनक है। ऐसे में भारतीय फैंस यही मना रहे होंगे कि मैच में बारिश न हो।

## सुजीत कलकल ने बढ़ाया भारत का मान

# यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में स्वर्ण पदक जीता



**नई दिल्ली।** अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूनार्मेंट में पुरुषों की 65 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता। 23 साल के भारतीय पहलवान ने फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के नीका जकाशविली को 10-0 से हराने और अल्बानिया के एंड्रियो अवदली पर 16-4 की जीत के साथ अपने कैंपेन की शुरूआत करने के बाद सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना पर 11-0 से शानदार जीत हासिल की।

**क्रोएशिया में भी जीता था स्वर्ण**

इस महीने की शुरूआत में क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन जीतने के बाद, यह 2026 यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में सुजीत का लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। सुजीत ने एंड्रियो अवदली पर 16-4 से जीत के साथ वार्म अप किया, जिन्होंने बाउट की शुरूआत में भारतीय खिलाड़ी को चार अंक पर पटक दिया था। नीका जकाशविली (जॉर्जिया) अगले 10-0 से हार गए, इससे पहले सुजीत ने जोसेफ मैककेना (अमेरिका) को 11-0 से हराया, यह स्कोर जाग्रेब ओपन के सेमीफाइनल जैसा ही था।

**10-0 से राशिद को हराकर विजेता बनेः** राशिद, जिन्होंने सेमीफाइनल में विटाली अरुजाउ (अमेरिका) के खिलाफ 16-13 से जीत हासिल की थी, वे फाइनल में मुकाबला नहीं कर पाए। सुजीत ने उन्हें 10-0 से हराकर लगातार दूसरा रैंकिंग सीरीज स्वर्ण पदक जीता।




# दिल्ली एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने किया उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नए उत्तर प्रदेश के संकल्प को वैश्विक मंच पर पंख लग गए हैं। जर्मनी में आयोजित 'उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट रोड शो' को मिली ऐतिहासिक सफलता के बाद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा शुक्रवार को स्वदेश वापस लौट आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचते ही हजारों उत्साहित कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों और फूलों की वर्षा के साथ दोनों नेताओं का आत्मीय व भव्य स्वागत किया।

**यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद :** एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज वैश्विक मानचित्र पर एक उभरता हुआ औद्योगिक केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा, ₹मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और पारदर्शी नीतियों के कारण यूपी अब निवेशकों की पहली पसंद है। जर्मनी के निवेशकों ने उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और आईटी सेक्टर में भारी रुचि दिखाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस दौरे से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर सृजित होंगे।

**औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति :** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने रोड शो के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि जर्मनी के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूहों के साथ सकारात्मक संवाद हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों और इंफ्रास्ट्रक्चर को वहां प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। अनेक बड़ी कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए एमओयू पर सहमति जताई है, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को एक निर्णायक गति मिलेगी।

ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर बढ़ते कदम उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सरकार का लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को धरातल पर उतारना है। कार्यकताओं के भारी हुजूम को संबोधित करते हुए नेताओं ने इस स्वागत को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सुशासन मॉडल के प्रति जनसमर्थन का प्रतीक बताया।

# राष्ट्रीय लोकदल ने गृह कर वृद्धि पर सौंपा ज्ञापन, कमी की उठाई मांग





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गृह कर (हाउस टैक्स) में की गई वृद्धि को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। राष्ट्रीय लोकदल का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को गाजियाबाद नगर निगम पहुंचा और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने गृह कर में की गई अत्यधिक वृद्धि को तत्काल कम करने की मांग की।

पार्टी नेताओं ने कहा कि नगर निगम द्वारा की गई भारी कर वृद्धि से मध्यम वर्ग, व्यापारी वर्ग और आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जिससे शहर में व्यापक असंतोष व्याप्त है। उनका आरोप है कि यह वृद्धि जनविरोधी है और जनभावनाओं के अनुरूप नहीं है।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि कुछ राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा इस मुद्दे को न्यायालय में उठाया गया था, लेकिन तथ्यात्मक और कानूनी पक्ष मजबूत न होने के कारण याचिका निरस्त हो गई।

न्यायालय के निर्णय के बाद लोगों में यह आशंका बढ़ गई है कि कर वृद्धि स्थायी रूप से लागू कर दी जाएगी। राष्ट्रीय लोकदल ने मांग की कि कर निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी, न्यायसंगत और जनहितकारी होनी चाहिए। पार्टी ने नगर निगम से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए गृह कर वृद्धि पर पुनर्विचार कर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष (सहकारिता) एवं चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, पूर्व प्रत्याशी अजय पाल प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता अजयवीर एडवोकेट, क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, युवा नगर अध्यक्ष हिमांशु नगर, महानगर अध्यक्ष राखी सिंधु, राशि उपाध्याय, योगेंद्र पतला, आलोक चौधरी, मुनींद्र बिल्ला, दीपू शर्मा और मनोज त्यागी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी और शहरवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएगी।

## होली से पहले तीन गुना से ज्यादा बढ़ा प्राइवेट बसों का किराया

नोएडा। दिल्ली और नोएडा-ग्रेटर नोएडा से कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी की ओर जाने वालों की भीड़ सबसे ज्यादा है। आमदिनों में इस रूट पर जाने वालों से बैठने के लिए 600-700 रुपये और स्लीपर सीट के लिए 850-1000 रुपये ऑनलाइन बुकिंग के जरिए लिए जाते हैं। लेकिन त्योहार में रेट कई गुना हो गए हैं। कानपुर के लिए सीट 1900 रुपये और स्लीपर के लिए 3200 रुपये लिए जा रहे हैं।

होली का त्योहार नजदीक है और शिक्षण संस्थानों में छुट्टियां हो चुकी हैं। पढ़ाई करने वाले युवा और नौकरी पेशा लोग जल्द से जल्द अपने घर पहुंचना चाहते हैं। लेकिन उन्हें नोएडा से कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और अन्य शहरों तक जाने के लिए तीन गुना से ज्यादा किराया देना पड़ रहा है।

त्योहार में चलने वाली भीड़ को देखते हुए प्राइवेट बस कंपनियों ने अपने किराए में तीन गुना से ज्यादा इजाफा कर दिया है। आम दिनों में जो टिकट 600-900 रुपये तक रहती थी। वही टिकट खरीदने के लिए लोगों को 1900 से 3300 रुपये तक देने पड़ रहे हैं।

# प्रताप विहार सेक्टर-11 में नई आरडब्ल्यूए का गठन

## सोसायटी एक्ट के तहत मिला पंजीकरण प्रमाणपत्र

**- पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित कार्यशैली का संकल्प, सभी ब्लॉकों में समन्वय से विकास का भरोसा**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के प्रताप विहार सेक्टर-11 क्षेत्र में संस्था संचालन को लेकर लंबे समय से चल रहे असंतोष के बीच क्षेत्रवासियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाते हुए नई रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) का गठन किया है। शीर्ष नेतृत्व के कथित मनमाने एवं निरंकुश व्यवहार से असंतुष्ट अधिकांश निवासियों ने बैठक कर नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रताप विहार सेक्टर 11 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के गठन का निर्णय लिया गया। इसके बाद संस्था के पदाधिकारियों ने सोसाईटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 (अधिनियम संख्या 21, 1860) के तहत आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करते हुए विधिवत पंजीकरण के लिए आवेदन किया।

सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के उपरांत 25 फरवरी 2026 को डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स कार्यालय द्वारा संस्था को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया। प्रमाणपत्र प्राप्त होने के साथ ही नई आरडब्ल्यूए को आधिकारिक मान्यता मिल गई है। संस्था के संरक्षक सलेक चंद शर्मा और सुंदर लाल भाटी ने बताया कि नई आरडब्ल्यूए का गठन पूर्ण पारदर्शिता, संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों को आधार बनाकर किया गया है। संस्था का उद्देश्य किसी भी प्रकार के विवाद से बचते हुए आपसी समन्वय के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना तथा सभी निवासियों को सदस्य बनने का अवसर प्रदान करना है।

पंजीकरण प्रमाणपत्र मिलने के बाद सेक्टर-11 के ए, बी, सी, डी, ई, एफ एवं जी ब्लॉकों के सामाजिक एवं प्रमुख लोगों की एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, कार्ययोजना एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से विश्वास जताया कि संस्था अपने घोषित उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए सभी ब्लॉकों में स्वच्छता, सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देगी। संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तेजेश चौहान एवं अन्य पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही प्रताप विहार सेक्टर-11 को एक आदर्श आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

# वाहन चोरों का गिरोह गिरफ्तार, 5 मोटरसाइकिल व 1 स्कूटी बरामद





**गाजियाबाद करंट क्राइम ।** खोडा कॉलोनी क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों के गिरोह का थाना खोडा पुलिस ने पदार्फाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही पर 5 मोटरसाइकिल व 1 स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार चेकिंग अभियान के दौरान नंदग्राम अंडरपास के पास से तीनों आरोपियों को एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर वाल्मीकि गेट के पास राजीव नगर स्थित खाली मैदान में छिपाकर रखी गई 4 अन्य मोटरसाइकिलें और 1 स्कूटी भी बरामद कर ली गईं। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनियोजित तरीके से दिल्ली और खोडा क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करते थे। चोरी के बाद वाहनों को सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखा जाता था और बाद में उन्हें बेच दिया जाता था। बिक्री से मिली रकम से आरोपी अपने शौक और खर्च पूरे करते थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोरियों में अतीक अहमद (42 वर्ष), निवासी सैनिक विहार, खोडा कॉलोनी, विक्की (26 वर्ष), निवासी संगम पार्क, खोडा कॉलोनी (मूल निवासी मुजफ्फरपुर, बिहार) और सिद्धार्थ (19 वर्ष), निवासी राजीव नगर, खोडा कॉलोनी है। उधर पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# देव तुल्य कार्यकर्ताओं का क्या होगा? : हिमांशु लव

## बढ़े हुए हाउस टैक्स को वापस नहीं लिया गया तो जन सहयोग और जन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा 100, 200 और 300 प्रतिशत तक बढ़ाए गए भवन कर के विरोध में दायर जनहित याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा निरस्त किए जाने के बाद अब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने की तैयारी में है। पूर्व निगम पार्षद हिमांशु लव ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह फैसला राजनीति से प्रेरित बताया गया, लेकिन शहर की जनता पर बढ़े हुए टैक्स का बोझ वास्तविक है।

हिमांशु लव ने कहा कि जिस शासनादेश का हवाला देकर भवन कर बढ़ाया गया, उसमें कहीं भी सेक्टर दर से कर लगाने का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम ने आय बढ़ाने के नाम पर मनमाने ढंग से टैक्स वृद्धि लागू की है। उनका कहना है कि वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी और वे स्वयं इस निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगे और जनता की आवाज बुलंद करेंगे।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब पूरे वर्ष 20 प्रतिशत की छूट दी जाती रही, तो इससे स्पष्ट है कि टैक्स वृद्धि असंगत है। बिना सदन की अनुमति छूट अवधि बढ़ाया जाना भी नियमों पर प्रश्नचिह्न लगाता है। लव ने कहा कि नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा में एक ही दल के जनप्रतिनिधि होने के बावजूद जनता के मुद्दे पर कोई ठोस आंदोलन नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बढ़े हुए हाउस टैक्स को वापस नहीं लिया गया तो जन सहयोग और जन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# श्री खाटू श्याम शिव शक्ति मंदिर में रंगभरी एकादशी पर खेली गई होली





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गोविंदपुरम स्थित जीडी मार्केट के श्री खाटू श्याम शिव शक्ति मंदिर में रंगभरी एकादशी का पावन पर्व बेहद धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी के अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों और रोशनियों से भव्य रूप से सजाया गया था। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा श्याम की विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार के साथ हुई। भजनों की प्रस्तुतियों के बीच माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जब भक्तों ने भगवान के साथ फूलों और गुलाल की होली खेलना शुरू किया, तो पूरा परिसर रंगों से सराबोर हो गया। भक्तों ने 'जय श्री श्याम' के उद्घोष के साथ एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी गौरव शास्त्री ने भक्तों के लिए विशेष प्रसाद की व्यवस्था भी की थी। मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि रंगभरी एकादशी से ही होली के मुख्य उत्सवों की शुरूआत होती है, जिसे लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## संजय नगर में एक ही स्थान पर होगी विशाल होली, 3 मार्च को होगा दहन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संजय नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों के सहयोग से इस वर्ष होली पर्व को लेकर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। अब तक चार प्रमुख चौराहों—जी-एच चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा, मिलन स्वीट चौराहा और ई-एफ ब्लॉक चौराहा—पर अलग-अलग होलियां रखी जाती थीं, लेकिन इस बार सभी के स्थान पर एक ही विशाल होली रामलीला मैदान, संजय नगर में स्थापित की जाएगी।

निर्णय के अनुसार महिलाओं द्वारा होली मैया का पूजन 2 मार्च (सोमवार) से 3 मार्च (मंगलवार) तक अपनी सुविधा, परंपरा और मान्यता के अनुसार किया जा सकेगा। होली दहन 3 मार्च को रात्रि 8 बजे के पश्चात किया जाएगा।

इस सामूहिक निर्णय के लिए चारों स्थानों के आयोजकों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया है। विशेष रूप से क्षेत्रीय पार्षद पप्पू नागर, पार्षद अजय शर्मा और वी.के. अग्रवाल को इस पहल के लिए बधाई दी गई है। आयोजन को सामाजिक एकता और समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया है।

# उद्यमी बन्धुओं का होली मिलन समारोह का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इण्डस्ट्रीयल एरिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने द्वारा एक बैंक्वेट हॉल में सपरिवार होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर 200 से अधिक परिवारों ने भाग लिया और एक दूसरे के साथ रंगों और संगीत का आनंद लिया।

कार्यक्रम में अनेकों उद्यमियों ने मनोरंजक गीत गाकर समा बांधे रखा। छोटे बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष गेम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मण्डल के अध्यक्ष अतुल जैन, महासचिव अंबरीश जैन, स्वदेशी पॉलीटेक औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष नन्दा, उद्योग कुंज औद्योगिक क्षेत्र जितेन्द्र त्यागी एवं सुनील दत्त शर्मा, कविनगर औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष अरुण शर्मा एवं अन्य औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।




## होली बाद और सुधरेंगे एमएसके

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार महिला अपराध नियंत्रण और उसको प्रभावी बनाने का अभियान जोरों पर चल रहा है। खुद पुलिस कमिश्नर से लेकर एडिशनल सीपी स्तर के अधिकारी और एसीपी और महिला अपराध की जिम्मेदारी संभालने वाले जिम्मेदार इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है की होली वाले त्योहार बीतने के बाद मिशन शक्ति केंद्र की व्यवस्था, कार्य प्रणाली और अन्य कार्य प्रभावी और मजबूत किए जाएंगे। अब बताया जा रहा है कि बीते दिनों बड़े साहब ने ना सिर्फ अधीनस्थों से एक महत्वपूर्ण मीटिंग दिलवाई थी बल्कि बताया जा रहा है कि अब प्रत्येक एमएसके यानी मिशन शक्ति केंद्र पर न सिर्फ कंप्यूटर की व्यवस्था की जा रही है बल्कि आने वाले दिनों में वाहनों की व्यवस्था के लिए भी कुछ प्रयास किए जाएंगे। साथ ही ऐसी महिला पुलिसकर्मियों को यहां की जिम्मेदारी दी जाएगी कि जो अधिकारियों के साथ मिलकर महिलाओं को बेहतर न्याय दिला सकें। इन सबके बीच सुनने में यह भी आ रहा है कि मिशन शक्ति केंद्र की संख्या में भी इजाफा किया जा सकता है। जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पिंक बूथ को लेकर बड़ा और विस्तार पूर्वक अभियान चला था। प्रभारी मंत्री से लेकर प्रदेश स्तर के अधिकारियों ने इसकी प्रेजेंटेशन दी थी, तो सुनने में आ रहा है कि आने वाले दिनों में मिशन शक्ति केंद्र को लेकर भी ऐसा ही सीन और नजारा देखने को मिल सकता है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जानकारी मिली है कि जिस तरीके से पुलिस में इन दिनों महिला पुलिस अधिकारियों की संख्या में इजाफा हुआ है। तो वर्तमान में दो महिला आईपीएस अधिकारी मौजूद हैं, तो पीपीएस महिला अधिकारियों की संख्या भी करके चार हैं यानी कुल मिलाकर कहा जाए तो वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला पुलिस अधिकारियों की संख्या आधा दर्जन है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि एमएसके का सुधार होने का असर न सिर्फ कानून व्यवस्था पर भी देखने को मिलेगा बल्कि थानों की रैंकिंग और पुलिस की वर्किंग में भी सुधार इससे काफी दर्ज किया जाएगा। इसीलिए इस व्यवस्था को बहुत प्रभावी और मजबूत बनाया जाना है क्योंकि इसकी मॉनिटरिंग सीधे लखनऊ से भी की जाती है। वैसे गाजियाबाद कमिश्नरेट बनने के बाद इस तरीके के अपराध और महिला अपराध नियंत्रण को लेकर इसके जरिए मजबूत संदेश देने का भी प्लान बनाया गया है। जिसे अमल में लाया जाएगा।




# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल विश्वविद्यालय में वार्षिक उत्सव संकेत-2026 का भव्य शुभारंभ



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव संकेत-2026 का रंगारंग आगाज हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उत्सव में यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली, हिंदू कॉलेज, इन्द्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वूमेन, काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज, एमेटी यूनिवर्सिटी , सहित कई संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में समूह नृत्य, संगीत, रैप बैटल, फैशन शो, नुक्कड़ नाटक और बैटल ऑफ बैंड्स जैसे कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। उत्सव के दूसरे दिन रोलिब्रिटी नाइट में प्रसिद्ध गायक इंदीप बक्शी लाइव प्रस्तुति देंगे। आयोजन को सांस्कृतिक प्रतिभा, एकता और अंतर-संस्थागत सहभागिता का सशक्त मंच बताया गया।

# आईटीएस मोहननगर में नवतरंग एवं विजविग 2026 का भव्य समापन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईटीएस मोहननगर में 26-27 फरवरी तक आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव नवतरंग एवं विजविग 2026 का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना माया कुलश्रेष्ठ सहित संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।

इंटर कॉलेज कल्चरल फेस्ट में 23 प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें क्विज, डिबेट, फैशन शो, सोलो-ग्रुप डांस, बैटल ऑफ बैंड, रंगोली, रैप बैटल सहित विभिन्न विधाएं शामिल रहीं। दिल्ली-एनसीआर और आसपास के लगभग 100 संस्थानों के 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

समापन अवसर पर सेलिब्रिटी नाइट में पार्श्व गायक लक्ष्य कपूर को आमंत्रित किया गया। संस्थान प्रबंधन ने आयोजन को विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच बताया।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत का मौसम कुछ ऐसा है कि यहां अब शब्द बता रहे हैं कि दिल में क्या चल रहा है। भाजपा नेता और जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल ने दो लाईनों में सारी बात रही है। और उन्होंने लिखा है कि **जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपरोध।** शब्दों की ये जुगलबंदी और पवन गोयल का ये अंदाज उनकी फेसबुक पोस्ट पर छाया रहा। उनकी ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



28 Feb -26 page 7 27-02-26 8:54 PM Page 1





# अमेरिका नहीं बनेगा मध्य पूर्व में किसी लंबे युद्ध का हिस्सा : जेडी वेंस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने दो दशकों से अधिक समय से मध्य पूर्व में अपनी महत्वपूर्ण सैन्य उपस्थिति बनाए रखी है, विशेष रूप से 2003 में इराक पर आक्रमण के बाद से। लगातार आने वाली सरकारों पर एक और लंबे क्षेत्रीय संघर्ष से बचने का दबाव रहा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर उसके साथ तनाव में उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। यूरोप में वार्ता सहित राजनयिक प्रयासों ने बार-बार तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को सीमित करने और पहले से ही अस्थिर क्षेत्र में और अधिक तनाव बढ़ने से रोकने की कोशिश की है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 'एयर फोर्स टू' पर 'वॉशिंगटन पोस्ट' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में महत्वपूर्ण बयान दिया है। वेंस ने उन आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि अमेरिका मध्य पूर्व में किसी लंबे युद्ध का हिस्सा बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के विरुद्ध नए सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हों, लेकिन अमेरिका के एक और लंबे क्षेत्रीय संघर्ष में शामिल होने की कोई संभावना नहीं है।





एयर फोर्स टू में वॉशिंगटन पोस्ट को दिए साक्षात्कार में वेंस ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य हमले अभी भी विचाराधीन हैं, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि ऐसी कार्रवाई वर्षों तक चलने वाले संघर्ष में तब्दील हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सोचना कि हम मध्य पूर्व में वर्षों तक बिना किसी अंत के युद्ध में उलझे रहेंगे, इसकी कोई संभावना नहीं है।

## राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर क्या बोले जेडी वेंस?

इराक युद्ध में अपनी सेवाएं दे चुके 41 वर्षीय पूर्व मरीन सैनिक वेंस ने एक बार फिर अपनी विदेश नीति संबंधी सोच स्पष्ट की है।

उन्होंने पहले भी स्वयं को विदेशी सैन्य हस्तक्षेपों को लेकर संशय की दृष्टि रखने वाला बताया था। गुरुवार को उन्होंने दोहराया कि आज भी उनके विचारों में कोई परिवर्तन नहीं आया है और वे इसी रुख पर कायम हैं। वेंस का कहना है कि उनका मानना है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सोच भी इसी दिशा में रही है।

उन्होंने कहा, देखिए, जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप 'अमेरिका फर्स्ट' राष्ट्रपति हैं, और वे ऐसी नीतियां अपनाते हैं जो अमेरिकी जनता के हित में हैं। उन्होंने अतीत की गलतियों को दोहराने के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि हमें अतीत की गलतियों को दोहराने से बचना होगा। हमें इस बारे में सतर्क रहना होगा, और मुझे लगता है कि राष्ट्रपति सतर्क हैं।

### इस्राइल को लेकर कही ये बात

मध्य पूर्व में अमेरिकी हस्तक्षेप और इस्राइल के प्रति अमेरिका के रुख को लेकर मतभेद बढ़ गए हैं। जेडी वेंस का तर्क है कि इस्राइल के प्रति संदेह रखने वालों की आवाज को पार्टी के भीतर की बहस में सुना जाना चाहिए, इसके साथ ही वे इस देश को एक रणनीतिक सहयोगी के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा निष्कर्ष यह है कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण चर्चा है जो दक्षिणपंथी विचारधारा के लिए न केवल अगले कुछ वर्षों के लिए बल्कि भविष्य में भी लंबे समय तक आवश्यक होगी।

### क्या अमेरिका करेगा ईरान पर सैन्य कार्रवाई

जेडी वेंस ने आगे कहा कि उन्हें नहीं पता कि ट्रंप आखिरकार क्या निर्णय लेंगे। विकल्पों में ईरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के लिए सैन्य हमले करना या समस्या का कूटनीतिक समाधान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी कूटनीतिक विकल्प को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन यह वास्तव में इस बात पर निर्भर करता है कि ईरानी क्या करते हैं और क्या कहते हैं। ईरान के चारों ओर अमेरिकी सेना की भारी तैनाती के बीच गुरुवार को जिनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता जारी रही। लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। मध्यस्थों ने कहा कि बातचीत अगले सप्ताह जारी रहेगी। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि वे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को सत्ता से हटाने के लिए सत्ता परिवर्तन में रुचि रखते हैं। उन्होंने इस महीने पत्रकारों से कहा था कि यह सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है।

# क्या तालिबान ने मार गिराया पाकिस्तान का एफ-16

**काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा विवाद को लेकर लंबे समय से तनातनी जारी है। हाल ही में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमले किए थे, जिसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया। अफगान सैनिकों ने सीमा पर पाकिस्तानी चौकियों पर हमला कर उन पर कब्जा कर लिया। इससे भड़के पाकिस्तान जंग का एलान कर दिया है।



पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हवाई हमलों के बाद शुक्रवार को जंग का एलान कर दिया। इस बीच तालिबान ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान का एक अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 मार गिराया है। अफगानिस्तान डिफेंस नाम के एक सोशल मीडिया हैंडल ने एक जलते हुए एफ-16 विमान के मलबे का वीडियो साझा किया है। इसके साथ ही विमान पर '85510' नंबर लिखा दिखाई दे रहा है। अमर उजाला इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है।

**एफ-16 को भारतीय वायुसेना भी चटा चुकी है धूलः** बीते कुछ वर्षों में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ हवाई लड़ाइयों में दो या दो से ज्यादा पाकिस्तानी एफ-16 विमानों को मार गिराया है।

विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तानी शस्त्रागर का अहम हिस्सा माना जाने वाला एफ-16 लड़ाकू विमान केवल नाम का ही खतरनाक है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में आतंकी संगठनों के खिलाफ ऑपरेशन 'गजब-लिल-हक' चलाया है।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान के टकराव में अब तक क्या? चौंका रहे दोनों देशों के हमलों के दावे

**काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अफगानिस्तान के तालिबान शासन ने पाकिस्तान में हमले करने का दावा किया है। उसने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान के 55 सैनिक मारे गए और कई सुरक्षा चौकियों को कब्जे में लिया है। वहीं, पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने भी माना कि अफगानिस्तान की ओर से हमले हुए हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने बुधवार को कहा कि उन्होंने डुरंड रेखा के पार पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर जवाबी हमले किए हैं। तालिबान ने दावा किया कि इन हमलों में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। यह घटना उस समय हुई, जब काबुल और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। संयुक्त राष्ट्र ने बताया था कि पाकिस्तान के हवाई हमले में अफगान नागरिक मारे गए थे।



**तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने क्या दावा किया**

'अफगान टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान सरकार के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी किया। इस बयान में कहा गया कि यह अभियान 26 फरवरी यानी गुरुवार की शाम आठ बजे शुरू हुआ। इसमें डुरंड रेखा के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में स्थित पाकिस्तानी सैन्य पोस्ट को निशाना बनाया गया। मंत्रालय ने इस हमले को अफगान हवाई क्षेत्र के उल्लंघन और हालिया पाकिस्तानी हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों की हत्या को लेकर जवाबी कार्रवाई बताया। बयान के अनुसार, संघर्ष करीब चार घंटे चला और तालिबान के सेना प्रमुख के आदेश पर आधी रात को समाप्त हुई।

**'55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, कब्जे में 19 सैन्य पोस्ट'**

बयान में कहा गया कि इस हमले में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, दो ठिकाने और 19 सैन्य पोस्ट कब्जे में लिए गए या नष्ट किए गए और कुछ अन्य पोस्ट छोड़ दिए गए। एक पाकिस्तानी टैंक नष्ट किया गया, एक सैन्य परिवहन वाहन कब्जे में लिया गया और हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया। इसमें आठ तालिबानी लड़ाके भी मारे गए और कई घायल हुए। इससे पहले 21 फरवरी की देर रात और 22 फरवरी की शुरूआती घंटों में पाकिस्तानी सेना ने हवाई हमले किए थे।

**यूएनएएमए ने की थी पाकिस्तानी हमलों की पुष्टि**

23 फरवरी को अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बयान जारी कर कहा था कि उन्हें पाकिस्तानी हवाई हमलों के कारण नागरिकों के मारे जाने की विश्वसनीय जानकारी मिली है।

# एजेंटों पर घायलों के इलाज में दखल के आरोप, डॉक्टरों ने सुनाई आपबीती

**सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान ईरान के कई अस्पतालों से चौंकाने वाली खबरें सामने आई हैं। आरोप है कि घायल प्रदर्शनकारियों का इलाज करने से डॉक्टरों को रोका गया, कुछ मरीजों को अस्पताल से ही हिरासत में ले लिया गया।**

**बेरूत।** पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर कार्रवाई के दौरान जब बड़ी संख्या में घायल प्रदर्शनकारी ईरान के एक अस्पताल में लाए गए, तो एक युवा डॉक्टर आपात कक्ष की ओर दौड़ा। वह करीब 40 साल के एक व्यक्ति का इलाज करना चाहता था। उस व्यक्ति के सिर में बहुत नजदीक से गोली मारी गई थी। डॉक्टर और अन्य कर्मियों ने उसे बचाने की कोशिश की। तभी सादे कपड़ों में हथियारबंद सुरक्षाकर्मी वहां आ गए। उन्होंने डॉक्टरों को रोक दिया। कुछ को अपनी बंदूकों से धक्का दिया। उस डॉक्टर ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को यह बात बताई।



उत्तरी शहर रश्त के डॉक्टर ने कहा, उन्होंने मुझे घेर लिया। हमें आगे बढ़ने नहीं दिया। कुछ ही मिनट बाद उस व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षाकर्मियों ने उसका शव काले बैग में रखा। फिर अन्य शवों के साथ उसे एक वैन में डालकर ले गए।

यह कोई अकेली घटना नहीं थी। जनवरी की शुरूआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ। ईरानी सुरक्षाबलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये प्रदर्शन 47 साल पुराने इस्लामी गणराज्य के खिलाफ थे। हजारों लोग घायल हुए। सादे कपड़ों में एजेंट अस्पतालों में फैल गए। वे इलाज पर नजर रखते थे। कई बार इलाज रोकते थे। कर्मचारियों को डराते थे। प्रदर्शनकारियों को पकड़ लेते थे। शवों को बैग में डालकर ले जाते थे। दर्जनों डॉक्टरों को गिरफ्तार किया गया।

यह रिपोर्ट एसोसिएटेड प्रेस की जांच पर आधारित है। ईरान के तीन डॉक्टरों से बात की गई। विदेश में रह रहे छह ईरानी चिकित्सा विशेषज्ञों से भी बात हुई। ये लोग देश के अंदर के डॉक्टरों से संपर्क में हैं। मानवाधिकार समूहों की रिपोर्ट देखी गई। सोशल मीडिया के एक दर्जन से ज्यादा वीडियो की जांच की गई। ईरान के अंदर के सभी डॉक्टरों ने अपना नाम न छापने की शर्त रखी, क्योंकि उन्हें बदले की कार्रवाई का डर था।

बर्लिन स्थित संगठन म्नेमोनिक के साथ काम किया। इस संगठन ने अस्पतालों में हिंसा से जुड़े ऑनलाइन वीडियो और सामग्री की पहचान की। ईरान और विदेश के डॉक्टरों ने कहा कि अस्पतालों में इस स्तर की हिंसा पहले कभी नहीं देखी गई। ईरान में दशकों से विरोध पर कार्रवाई होती रही है। सार्वजनिक संस्थानों पर निगरानी भी रहती है। लेकिन अस्पतालों का इस तरह सैन्यीकरण अभूतपूर्व है।

# पाकिस्तान ने आंतकवाद को बनाया पैसे कमाने का जरिया

## कई प्रॉक्सी भी बनाए- अफगान सांसद सोलेमानखिल

**नई दिल्ली।** अफगान निर्वासित सांसद मरियम सोलेमानखिल ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने, तालिबान और प्रॉक्सी समूह बनाने तथा अफगान क्षेत्रों पर हमलों से अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया।

अफगानिस्तान की निर्वासित सांसद मरियम सोलेमानखिल ने पाकिस्तान पर आंतकवाद को लेकर गंभीर आरोप लगाया है। सांसद का कहना है कि पाकिस्तान आतंकवाद का व्यपार करता है। वह तालिबान और कई प्रॉक्सी समूह तैयार कर रहा है, जो दोंनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस्लामाबाद के खिलाफ हो गए हैं।

एएनआई के साथ की गई बातचीत में सोलेमानखिल ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान के द्वारा किए गए हवाई हमलों की आलोचना की। इसे उन्होंने अफगान परिवारों के लिए बहुत बुरा बताया। उन्होंने इस्लामाबाद के आतंकवादियों को निशाना बनाने के के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमले के बावजूद इस्लामाबाद ने किसी भी मशहूर आतंकी के मारे जाने का कोई सबूत नहीं दिया है।





सोलेमानखिल ने पाकिस्तान के प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने सरकार के साथ लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आंतकी समूहों के संबंध बताए। साथ ही इन रिशतों को कैंसर बताया। साथ ही अल-कायदा लीडर ओसामा बिन लादेन को पनाह देने के लिए भी निशाना साधा।

सोलईमानखिल ने कहा, ₹मेरे अपने पैतृक गांव बरमल, पक्तिका पर हमला हुआ, और यह पहली बार नहीं है। हर बार जब पाकिस्तान एयरस्ट्राइक करता है, तो वे दावा करते हैं कि वे आतंकवादियों को मार रहे हैं। मैंने अभी तक एक भी ऐसे व्यक्ति का नाम नहीं सुना है जिसे उन्होंने सच में मारा हो। लेकिन वे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के नेताओं के साथ बैठते हैं। उन्होंने ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। ख्वाजा आसिफ ने माना कि अमेरिका ने तालिबान को पनाह देने, ट्रेनिंग देने और समर्थन करने के लिए उनका इस्तेमाल किया था। उनके पास क्वेटा शूरा और मिरामशाह शूरा थे। आगे उन्होंने कहा उन्होंने इसे प्रॉक्सी बनाया और आतंकवाद को व्यापार बनाया। पाकिस्तान की नींव अफगानिस्तान को अस्थिर करने पर आधारित है। उन्होंने कहा, यह बहुत दुख की बात है, लेकिन वे इस इलाके की परेशानी हैं। वे इस इलाके के लिए कैंसर हैं। सोलईमानखिल ने आगे कहा कि मुझे नहीं लगता कि पूरी आईएसआई तालिबान के खिलाफ है। मुझे लगता है कि जड़ें बहुत गहरी हैं। मुझे ऐसा लगता है, एक भी तालिबान क्यों नहीं मरा? मुझे तालिबान का एक भी नेता दिखाओ जो मारा गया हो। लड़ाई पश्तून इलाकों में हो रही है। पश्तून और बलूच मर रहे हैं। क्या आपको कोई पंजाबी मरता हुआ दिख रहा है? मैं जंग का समर्थक नहीं हूँ, लेकिन मुझे तो सिर्फ.अफगान इलाकों में जंग होती दिख रही है।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान तनाव सुलझाने के लिए आगे आया चीन, शांति बनाए रखने की अपील की

**बीजिंग।** चीन ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने दोनों देशों से तुरंत युद्धविराम (सीजफायर) करने और बातचीत से विवाद सुलझाने की अपील की है। चीन ने कहा वह इस मामले में मध्यस्थता करने को भी तैयार है ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।

चीन ने शुक्रवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान से तुरंत युद्धविराम करने की अपील की है। चीन ने दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य टकराव पर गहरी चिंता जताई है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन इस स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

**चीन ने क्या कहा**

माओ निंग ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान करीबी पड़ोसी हैं। ये दोनों ही देश चीन के भी पड़ोसी और अच्छे दोस्त हैं। चीन इस टकराव के कारण हुई मौतों से बहुत दुखी है। उन्होंने साफ किया कि चीन हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है।



चीन ने कहा दोनों पक्ष शांति और संयम से काम लें। उन्हें आपसी बातचीत से अपने मतभेदों को सुलझाए। चीन ने अपील की है कि हालात को और बिगड़ने से रोकने के लिए जल्द से जल्द सीजफायर किया जाए।

शांति बनाए रखने की अपील की

चीनी प्रवक्ता के अनुसार, तनाव कम करना दोनों देशों और वहां के लोगों के हित में है। इससे पूरे इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहेगी। माओ ने यह भी बताया कि चीन अपने स्तर पर दोनों देशों के मध्य बीच-बचाव की कोशिश कर रहा है। चीन हालात सुधारने और रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक भूमिका निभाने को तैयार है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या चीन अपने नागरिकों और कंपनियों को वहां से निकालने या उड़ानें बंद करने पर विचार कर रहा है, तो उन्होंने कहा कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। चीन अपने नागरिकों को हर जरूरी मदद देगा। चीन एक विशेष तीन-पक्षीय व्यवस्था के जरिए पाकिस्तान और अफगानिस्तान से जुड़ा रहता है। वह समय-समय पर बैठकें करता है ताकि दोनों देशों के मतभेद दूर हो सकें।

# न्यूयॉर्क के मेयर ममदानी ने राष्ट्रपति ट्रंप से की मुलाकात, दिया नकली अखबार

**वॉशिंगटन।** ट्रंप के साथ बैठक में ममदानी ने अजरबैजान की कोलंबिया विश्वविद्यालय की छात्रा एली अघायेवा की हिरासत का मुद्दा भी उठाया। छात्रा को संघीय आव्रजन एजेंटों ने गिरफ्तार किया था। ममदानी ने ट्रंप से अघायेवा को रिहा करने पर विचार करने का आग्रह किया। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के कुछ ही समय बाद एक फोन कॉल में ट्रंप ने मेयर को बताया कि अघायेवा को रिहा कर दिया जाएगा।




न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने गुरुवार को व्हाइट हाउस की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ट्रंप को एक नकली अखबार का मुखपृष्ठ भेंट किया, ताकि शहर में बड़े पैमाने पर नए आवास निवेश पर चर्चा की जा सके।

यह रणनीति डोनाल्ड ट्रंप को लुभाने के लिए बनाई गई है, जो अपनी मीडिया कवरेज को लेकर काफी चौकन्ने रहते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक मेयर के बीच पिछले साल हुई पहली मुलाकात के बाद से सौहार्दपूर्ण संबंध बने हुए हैं।

## नकली अखबार में छिपा क्या संदेश

जोहरान ममदानी की संचार निदेशक अन्ना बहर ने बताया कि मेयर की टीम ने ट्रंप को दिखाने के लिए एक नकली मुखपृष्ठ और सुर्खियां तैयार कीं। जिससे उन्हें पता चले कि नए संघीय आवास निवेश से किस तरह की प्रतिक्रिया हो सकती है। नकली न्यूयॉर्क डेली न्यूज के मुखपृष्ठ पर लिखा है, 'ट्रंप ने शहर से कहाः चलो निर्माण करें।' यह 1975 के उस मशहूर मुखपृष्ठ का एक व्यंग्यात्मक रूप है, जिस पर लिखा था, 'फोर्ड ने शहर से कहाः मर जाओ।' जो जेराल्ड फोर्ड की ओर से शहर को वित्तीय सहायता पर रोक लगाने की कसम का संदर्भ था। न्यूयॉर्क के मेयर ने ट्रंप के साथ अखबारों के पहले पन्नों वाली बैठक की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट की। बहर ने कहा कि ट्रंप, ममदानी के प्रस्ताव को लेकर बेहद उत्साहित थे।

# विदेशी स्टूडेंट्स के लिए ओपीटी वर्क रूट की फिर से होगी समीक्षा

**यह बहस ऐसे समय में हो रही है जब ट्रंप प्रशासन रोजगार से जुड़े इमिग्रेशन कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा कर रहा है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि कार्यकारी आदेशों के जरिए बनाए या बढ़ाए गए कार्यक्रमों पर फिर से विचार किया जा सकता है। भारत जैसे देशों के लिए यह समीक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। भारतीय छात्र एफ-1 वीजा पाने वालों में सबसे बड़ी संख्या में हैं।**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पढ़ाई कर रहे हजारों विदेशी छात्रों पर असर डालने वाला एक बड़ा कदम उठाया गया है। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने कहा है कि वह ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग यानी ओपीटी कार्यक्रम की दोबारा समीक्षा कर रहा है। इसका मतलब है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद काम करने की जो व्यवस्था एफ-1 वीजा धारकों के लिए है, उसमें नियम बदले जा सकते हैं।




होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने सीनेटर एरिक शिमट को लिखे एक पत्र में बताया कि विभाग यह देख रहा है कि मौजूदा व्यवस्था-खासकर ट्रेनिंग की अवधि और दायरा क्या अमेरिका के श्रम बाजार, टैक्स व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में है या नहीं। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि क्या यह व्यवस्था कांग्रेस की मंशा के अनुरूप है।

## अमेरिका में पढ़ रहे तीन लाख भारतीय छात्र

इस समय अमेरिका में तीन लाख से ज्यादा भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें से बड़ी संख्या पढ़ाई पूरी करने के बाद ओपीटी के तहत काम कर रही है। नोएम ने पत्र में लिखा कि डीएचएस यह सुनिश्चित करना चाहता है कि इमिग्रेशन से जुड़े कार्यक्रम अमेरिकी कामगारों के हित में चलें और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुरक्षित रखें। उन्होंने यह भी माना कि हाल के वर्षों में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग कार्यक्रमों में विदेशी छात्रों की संख्या काफी बढ़ी है, जिससे कुछ जोखिम और चुनौतियां पैदा हुई हैं।

लेटर के मुताबिक, यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट का स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम ह्लइन मुश्किलों को समझता है और कमजोरियों को कम करने और आपकी चिंताओं को दूर करने के लिए एक्शन ले रहा है।

ओपीटी कार्यक्रम के तहत एफ-1 वीजा पर पढ़ाई करने वाले छात्र अपनी डिग्री पूरी करने के बाद अमेरिका में अधिकतम 12 महीने तक काम कर सकते हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों के छात्रों को अतिरिक्त 24 महीने की छूट मिलती है।

### नियमों में क्या बदलाव करने जा रहा ट्रंप प्रशासन




प्रोग्राम के लीगल बेसिस पर बात करते हुए, नोएम ने बताया कि ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम और उससे जुड़े ट्रेनिंग के मौके ह्लसीधे कानूनी टेक्स्ट के बजाय रेगुलेशन के जरिए बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि, प्रेसिडेंट ट्रंप के डायरेक्शन और एडमिनिस्ट्रेशन की अमेरिका फर्स्ट इमिग्रेशन पॉलिसी के हिसाब से, डीएचएस यह फिर से देख रहा है कि क्या मौजूदा रेगुलेटरी फ्रेमवर्क : जिसमें प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का स्कोप और अवधि शामिल है झ यूएस लेबर मार्केट, टैक्स और नेशनल सिक्योरिटी के हितों को ठीक से पूरा करता है और कांग्रेस के इरादे के साथ जुड़ा हुआ है। सीनेटर शिमट ने अपने पहले के पत्र में ओपीटी को काम से जुड़ा लाभह्ल बताया था, जिसे नियमों के जरिए बनाया गया है, न कि सीधे कानून से। उन्होंने विभाग से कहा था कि इसकी पूरी समीक्षा की जाए, ताकि जरूरत पड़े तो इसे बदला या समाप्त किया जा सके।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | शनिवार • 28 फरवरी -2026
गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# रंग-बिरंगे फूलों से महका लैंडक्राफ्ट

## 12वें फ्लावर शो एवं चटकारे का डीएम ने किया उद्घाटन

## तीन दिन तक प्रकृति, संस्कृति और स्वाद का संगम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गोल्फलिंक्स, एनएच-09 में शुक्रवार को 12वें फ्लावर शो एवं चटकारे का भव्य शुभारंभ हुआ। लैण्डक्राफ्ट डवलपर्स प्रालि द्वारा हॉर्टिकल्चर एण्ड फ्लोरिकल्चर सोसायटीज गाजियाबाद के सहयोग से आयोजित यह आयोजन 27 फरवरी से 01 मार्च 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन रवीन्द्र कुमार मांदड आईएएस जिलाधिकारी गाजियाबाद के द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली और शहरी बागवानी के महत्व पर जोर देते हुए इस आयोजन को शहरवासियों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस वर्ष फ्लावर शो की थीम पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और ऑक्सीजन व इम्यूनिटी बूस्टर पौधों पर केंद्रित है। प्रदर्शनी में वायु शोधन करने वाले पौधों, मेडिसिनल प्लांट्स, ऑर्गेनिक सब्जियों, स्वदेशी पुष्पों और फलों की आकर्षक प्रस्तुति की गई है। किचन गार्डन, हेंगिंग गार्डन, टेरेस गार्डन, वर्टिकल गार्डन और आकर्षक लैंडस्केपिंग दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। साथ ही कम्पोस्टिंग, रीसाइक्लिंग और साक्षरता जैसे सामाजिक संदेशों को भी प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है।







### अर्बन गार्डिनिंग की आधुनिक तकनीकें बनीं आकर्षण का केंद्र

**करंट क्राइम :** शहरी बागवानी की उन्नत तकनीकों—हाइड्रोपोनिक, एक्वापोनिक और एरोपोनिक—के माध्यम से बिना मिट्टी के पौधे उगाने की विधि का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। यह अनुभाग युवाओं और बागवानी प्रेमियों के लिए विशेष ज्ञानवर्धक साबित हो रहा है। पर्यावरण और सनातन संस्कृति का सुंदर समायोजन भी प्रदर्शनी की विशेषता है। धनुषवाण द्वार, शिवालय डमरू, वन्दे मातरम—शब्द नहीं संकल्प जैसे संदेशों के साथ वैज्ञानिक सोच को दशार्ते सैटेलाइट मॉडल, ऑक्सीजन पार्लर, बटरफ्लाई जोन, मोर, बत्तख, खरगोश और विभिन्न प्रजातियों की मछलियां दर्शकों को रोमांचित कर रही हैं।









### प्रेरणा, ज्ञान और मनोरंजन का संगम, कई संस्थाएं आई साथ

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम में एकेजी. इंस्टीट्यूट, जीडीए, नगर निगम गाजियाबाद, नोएडा अथॉरिटी सहित अनेक संस्थाओं ने अपनी सृजनात्मक प्रस्तुतियां दी हैं। बागवानी से संबंधित विशेष वर्कशॉप भी आयोजित की जा रही हैं, जहां विशेषज्ञ पौधरोपण और देखभाल की बारीकियां सिखा रहे हैं। फ्लावर शो एवं चटकारेह्व केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि हरियाली, स्वास्थ्य, संस्कृति और स्वाद का उत्सव है। तीन दिनों तक चलने वाला यह आयोजन निश्चित रूप से शहरवासियों के लिए ज्ञानवर्धक, मनोरंजक और प्रेरणादायक अनुभव साबित होगा। गाजियाबाद सचमुच इन दिनों फूलों की खुशबू से महक उठा है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम

**करंट क्राइम :** मनोरंजन के लिए नृत्य, योग साधना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन, फैशन शो, मेहंदी, टैटू, रंगोली और पतंगबाजी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। बच्चों के लिए झूले और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। फूलों की रंगीन छटा और सजीव सजावट से पूरा परिसर प्रकृति की सुरम्य वादियों का अनुभव करा रहा है।

### चटकारे में देशभर के स्वाद का संगम

**करंट क्राइम :** फ्लावर शो के साथ चटकारे फूड फेस्टिवल भी लोगों को लुभा रहा है। विभिन्न शहरों के प्रसिद्ध व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें सीताराम बाजार की फुट कुलिया और काठी कबाब, फत्ते की कचौड़ी, आगरा के पराठे, चांदनी चौक की जलेबी, नागपाल के छोले-भठूरे, डोलमा मोमोज, योग्बे स्पेशल भेलपुरी और लखनऊ के मशहूर टुंडे कबाब प्रमुख हैं।
स्वाद और सुगंध का यह संगम लोगों को बार-बार आने के लिए प्रेरित कर रहा है।





## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# ललितपुर में थर्माकूल की सबडीलर्स मीट डायरेक्टर तनुज गुप्ता ने भरा जोश

## गर्मी सीजन से पहले मजबूत नेटवर्क और रिकॉर्ड सेल्स का लक्ष्य





**ललितपुर करंट क्राइम।** देश की तेजी से उभरती होम एप्लायंसेज कंपनी थमोर्कूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड की ओर से बृहस्पतिवार को ललितपुर में सबडीलर्स मीट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंपनी के प्रमुख डीलर ललित रेडियो के आवाहन पर संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में सबडीलर्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ललित रेडियो के प्रबंधक मोहित कुमार द्वारा डायरेक्टर तनुज गुप्ता को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ औपचारिक शुरूआत की गई।

डायरेक्टर तनुज गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि ललितपुर में मोहित कुमार ने थमोर्कूल की मजबूत पहचान स्थापित की है और व्यापक नेटवर्क तैयार कर कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।



उन्होंने कहा कि गर्मी का सीजन नजदीक है और कंपनी पूरी तैयारी के साथ बाजार में उतर रही है। आप सभी साथियों के सहयोग से इस बार थमोर्कूल की सेल्स में नया इतिहास रचा जाएगा।

मीट के दौरान कंपनी की योजनाओं और आगामी लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। सबडीलर्स के उत्साहवर्धन के लिए तनुज गुप्ता ने उन्हें उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम में थमोर्कूल के ऑल इंडिया सेल्स हेड हरीश सपरा सहित क्षेत्र के अनेक सबडीलर्स उपस्थित रहे। आयोजन में कंपनी और व्यापार सहयोगियों के बीच बेहतर समन्वय और आगामी सीजन को लेकर सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इशारों ही इशारों में कर दी भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन गोयल ने बात? कह दिया जो तटस्थ है, समय लिखेगा उनका भी अपराध? बिना नाम लिये उन्होंने कस दिया कई लोगों पर ताना? कभी एक जनप्रतिनिधि को भी सुनाया था तराना? वो तो कह चुके हैं अपनी बात? अब इसको मुश्किल हो रहा है समझ पाना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर इस वक्त हाउस टैक्स वाले मैटर में दिख रहे हैं परेशान? पता चला है उनके मौहल्ले वाले उनको कर रहे हैं उनको हैरान? कह रहे हैं कि आप पार्षद हो, आप कराओ इस समस्या का समाधान? वो समझा कर थक चुके हैं कि मैं पूर्व हो चुका हूं? मगर उनकी इस बात को कोई मान ही नहीं रहा है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर की टीम कर रही है इस वक्त भव्य होली की तैयारी? एक बार फिर बड़ी संख्या जुटाने का प्लान हो गया है जारी? सुना है इस प्रोग्राम के माध्यम से फिर दिया जाना है भारी भीड़ वाला पैगाम? सुना है उनके समर्थक बड़ी बारीकी से कर रहे हैं भीड़ बुलाने वाला काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एमएलसी वाले मैटर पर गर्ग साहब कर सकते हैं प्लान बी पर काम? सुना है उनके ही पसंद पर आयेगा यहां से नाम? पता चला है उनके जहन में है दो वैश्य चेहरों का किरदार? नाम पहुंच गये हैं एक खास चेहरे के द्वार? ये भी सच है कि गर्ग साहब जब करते हैं किसी पर फोकस, तो हो जाता है उसका बेड़ा पार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पोटली वाले क्रान्तिकारी गुप्ता जी का हमें अच्छा लगता है स्टाईल? वो जनप्रतिनिधियों से ज्यादा करते हैं समाज के लोगों पर फोकस? लाते हैं उनके चेहरे पर स्माईल? हमने देखा होली मिलन कार्यक्रम में कुछ ऐसा ही नजारा? यहां खास चेहरों से ज्यादा आम चेहरों से भरा हुआ था हॉल सारा? गुप्ता जी ने करा दिया इस आयोजन से एहसास? वो एक ही चेहरे को अपना मानते हैं? बाकी कोई नहीं है उनके लिए खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें नहीं दिखता है कहीं पर भी पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल की सक्रियता का तोड़? हर प्रमुख कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति नजर आती है बेजोड़? इन दिनों उन्होंने अपनी सक्रियता से उठाया हुआ है तूफान? उनकी फेसबुक उठाकर देख लो? दिख जायेंगे सभी प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा उनकी ये सक्रियता जरूर लाऐगी कोई बड़ा पैगाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मिस्टर सूद ने उठा ली है शपथ? कह दिया है उन्होंने अपने खास चेहरों से कि तब तक अविवाहित रहूंगा जब तक पार्षद बन कर ठीक नहीं कर लेता मैं अपना वक्त? पार्षद बनने के बाद ही मैं होऊंगा घोड़ी पर सवार? कहने वाले ने कहा हमने यूं तो कई दावेदार देखे हैं? मगर नहीं देखा ऐसा दावेदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो हाउस टैक्स वाले मैटर पर कर रहे हैं अध्यक्ष जी के बयान का इंतजार? हमें पता है कि वो एक-एक वोट के लिए सीरियस रहते हैं? जरूर हाउस टैक्स वाले मैटर में वो कुछ करके रहेंगे यार? जल्द ही वो देंगे इस मैटर में कोई संदेश? वो किसी भी सूरत में कमजोर नहीं होने देंगे पार्टी का बेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाउस टैक्स वाले मैटर में चुप रहकर बजरंगी भैया बन गये हैं अपवाद? क्या वो निभा रहे हैं कोई बिरादरी वाली वाद? नहीं तो छोटे-छोटे मैटर पर उनके आ जाते थे विचार बाहर? वो ना जाने अब क्यों खामोश हो गये हैं, पता ही नहीं चल रहा है यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूजीसी वाले मैटर पर हमने देखी थी भगवा क्रान्तिकारी मैडम की क्रान्ति? उनका ये रूख देखकर हमें मिली थी शांति? मगर हाउस टैक्स वाले मुद्दे पर उनकी फेसबुक दिख रही है खामोश? हम इस मुद्द पर भी सुनना चाहते हैं उनकी राय? ऐसे कहां रहती हैं वो कभी खामोश?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## भारतीय जनता पार्टी पर हाउस टैक्स बढ़ाने का आरोप

# कांग्रेस ने बताया महंगाई का इनाम

### पार्टी सड़कों से लेकर सदन तक इस मुद्दे को उठाएगी : सलीम अहमद



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर में हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गृह कर में की गई वृद्धि पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। पार्टी का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी शासित केंद्र, राज्य और नगर निगम—तीनों स्तरों पर सरकार होने के बावजूद आम जनता को राहत देने के बजाय उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि महंगाई पहले ही चरम पर है। बिजली, पानी, गैस, शिक्षा और इलाज जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के दाम बढ़ चुके हैं, ऐसे में हाउस टैक्स में वृद्धि लाखों परिवारों की जेब पर सीधा असर डालेगी। पार्टी ने इस निर्णय को जनविरोधी और अन्यायपूर्ण बताया है। कांग्रेस का आरोप है कि एक ओर भाजपा सरकार टैक्स बढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर जनता के प्रति संवेदनशील होने का दावा कर रही है। पार्टी का कहना है कि शहरवासी अब इस दोहरे रवैये को समझ चुके हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सलीम अहमद (सैफी) ने कहा कि कांग्रेस इस हाउस टैक्स वृद्धि का पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी सड़कों से लेकर सदन तक इस मुद्दे को उठाएगी और निर्णय को वापस लेने की मांग करेगी।

कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि क्या यही अच्छे दिन और जनसेवा का दावा है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह शहरवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखेगी।

